चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 249, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 8 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'यूके में खुलेआम घूम रहे खालिस्तानी, पुलिस भी नहीं करती कार्रवाई'

'ब्रिटेन में सक्रिय है खालिस्तानी आंदोलन'

नई दिल्ली

यूनाइटेड किंगडम (यूके) की राजधानी लंदन में एक सिख रेस्तरां के मालिक हरमन सिंह कपूर की कार को पिछले दिनों खालिस्तान समर्थकों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। अब इस मामले में हरमन सिंह कपूर की प्रतिक्रिया सामने आई है। हरमन सिंह कपूर ने कहा कि मैं 26 साल से यूके में रह रहा हूं। पिछले डेढ़ साल में ब्रिटेन में खालिस्तानी आंदोलन सक्रिय हो गया है। मैंने इस पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जो वायरल हो गया। अब नौ महीने से अधिक समय से मुझे धमकियां मिल रही हैं। मुझ पर हमले भी किए गए। धमकी देने वाले चाहते हैं कि मैं यह वीडियो

हटा दूं और उनसे माफी मांग लूं, लेकिन मैंने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

'मुझे लगा लंदन में सुरक्षित हूं, लेकिन मैं गलत था'

हरमन सिंह कपूर ने कहा कि मैं लंदन में रह रहा था तो मुझे लगा कि मैं सुरक्षित हूं, लेकिन मैं गलत था। धमकी देने वालों ने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, ऑनलाइन धमकियां दी और 25 फरवरी 2023 को मुझ पर हमला किया।

'मुझ पर हमला करने वाले सिख थे'

सिख रेस्तरां के मालिक ने कहा कि जो लोग मुझ पर हमला करने आए थे, वे सिख थे। वे सिखों, हिंदुओं और भारत को बदनाम कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि यह लड़ाई खत्म हो।

'खालिस्तानियों को मिला हैं।पुलिस का समर्थन'

हरमन सिंह कहते हैं कि अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने केवल मेरी शिकायत दर्ज की। यहां खालिस्तानी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पुलिस का समर्थन मिला हुआ है। इसलिए उन्हें गिरफ्तार नही किया जा रहा।

सिक्किमः सात जवान समेत 51 लोगों की मौत

सैकड़ों लापता, कई बेघर; सिक्किम में आई बाढ़ से मची तबाही

गंगटोक

सिक्किम में कुदरत का कहर देखने को मिला, जहां बादल फटने से लगभग 51 लोगों की मौत हो गई। अब तक 26 शव सिक्किम में और 25 बंगाल में तीस्ता नदी से निकाले गए हैं। इस हादसे में पाक्योंग जिले के बरदांग सेना छावनी से लापता 22 सैनिकों में से सात के शव मिले हैं।



इस बीच देर रात हुए इस हादसे को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने पिछली सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि घटिया सामग्री से बांध निर्माण की वजह से सिक्किम में बादल फटने के बाद स्थिति खतरनाक और बेकाबू हो गई। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इसी वजह से जानमाल का इतने बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

घटिया सामग्री से बना डैम

बादल फटने के बाद दक्षिण ल्होनक झील का पानी बढ़ गया। और चुंगथांग जल विद्युत परियोजना तीस्ता चरण -3 डैम तक पहुंच गया। घटिया सामग्री से डैम तैयार किया गया था, जो उफनते पानी को संभाल नहीं पाया। झील और बांध का पानी एक साथ नदी में आने से तीस्ता नदी ने विकराल रूप ले लिया। बता दें कि इस हादसे के बाद लगभग 142 लोग लापता है। मृतकों के स्वजनों को सिक्किम सरकार 4-4 लाख का मुआवजा देगी।

उत्तराखंड के नरेन्द्र नगर में आयोजित हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक

बैठक

गृह मंत्री अमित शाह ने की बैठक की अध्यक्षता, - सदस्य राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री हुए शामिल, बैठक में विभिन्न मुद्दों पर परिषद् के सदस्य राज्यों के बीच हुई गहन चर्चा

देहरादून/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को टिहरी के नरेन्द्र नगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 24वीं बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्य राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू बैठक में शामिल हुए। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आह्वान पर मध्य क्षेत्रीय परिषद ने एशियाई खेलों में भारत द्वारा पहली

'पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा हो'

बैठक में पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा, देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस) के गठन, रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों, किसन क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य और वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान सहकारिता, स्कूली बच्चों की ड्रॉप आउट दर और कुपोषण जैसे मुद्दों पर विशेष तौर पर चर्चा हुई। बता दें कि 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषदों की 11 और स्थायी समितियों की 14 बैठकें हुईं, जबकि 2014 से 2023 तक क्षेत्रीय परिषदों की 25 और स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुई हैं। इसके अलावा 2004 से 2014 के बीच कुल 570 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से 448 को सुलझा लिया गया, जबकि 2014 से 2023 के बीच कुल 1315 मुद्दों पर चर्चा हुई जिनमें से 1157 मुद्दों को सुलझा लिया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के साथ ही केन्द्रीय गृह सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सभी सदस्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बार 100 से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रौशन करने के लिए सभी खिलाड़ियों का करतल ध्वनि से अभिनंदन करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। बैठक में मध्य क्षेत्रीय परिषद ने चंद्रयान-3 की शानदार सफलता, जी20 सम्मेलन के सफल आयोजन और संसद द्वारा ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने का भी स्वागत किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर 'एक्शन प्लेटफॉर्म' के रूप में कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं, इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है।

जीएसटी कांउसिल की हुई 52वीं बैठक

जिस भी आटे में 70 प्रतिशत तक मिलेट्स मिला होगा तो उसकी खुला बिक्री करने पर शून्य जीएसटी लगेगा

जीएसटी कांउसिल की 52वीं बैठक में मिलेट्स से बने आटे पर जीएसटी की दर को लेकर बड़ा फैसला हुआ। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद निर्मला सीतारमण ने कहा कि जिस भी आटे में 70 प्रतिशत तक मिलेट्स मिला होगा तो उसकी खुला बिक्री करने पर शून्य जीएसटी लगेगा। वहीं, पैकेट में बेचने पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

इन पर लिया गया फैसलाः जीएसटी काउंसिल की बैठक में शीरा पर जीएसटी की दर को 5 फीसदी कर दिया है। इस फैसले से पहले इसकी दर 28 फीसदी थी। इसके अलावा एक्स्ट्रा-न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) पर भी टैक्स छूट देने का ऐलान किया है। इस फैसले पर जीएसटी परिषद के सदस्य टी एस सिंह देव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एक्स्ट्रा-न्यूट्रल अल्कोहल पर जीएसटी लगता रहेगा। इसके आगे उन्होंने कहा कि गन्ने के रस से बनने वाले एल्कोहल बनाने के लिए जो कच्चे मान के रूप में शीरा का इस्तेमाल होता है उसपर लगने वाले टैक्स की ब्याज दर 28 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो गया है। जीएसटी में ऑनलाइन गेमिं कंपनियों को जीएसटी डिमांड नोटिस को लेकर भी चर्चा हुई है। इस पर कहा गया है कि अगर जरूरत पड़ी तो जीएसटी को स्ष्टीकरण देना पड़ सकता है। आपको बता दें कि जीएसटी एक स्वतंत्र संस्था है, इनके कामों पर किसी भी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

पीएम ने बैठक में की लाल किले से की गई घोषणाओं की समीक्षा

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इसकी जानकारी दी गई। पीएमओ के अनुसार अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधानमंत्री ने गरीबों और मध्यम वर्ग के आवास के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का उल्लेख किया था। इसी घोषणा के अनुरूप प्रधानमंत्री ने इस घोषणा को क्रियान्वित करने की तैयारियों की समीक्षा की।

इजरायल पर हमास आतंकियों ने किया हमला

'हम युद्ध में हैं... हमास ऐसी कीमत चुकाएगा.. जैसा उसने सोचा भी न होगा', इजरायल के पीएम की खुली चेतावनी

येरुशलम

इजरायल पर हमास के हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि हमारा देश युद्ध में है। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इसके लिए हमास को भारी कीमत चुकानी होगी।

पीएम नेतन्याहू ने देश को किया संबोधितः समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि हमास की ओर से भारी संख्या में रॉकेट दागे जाने और दक्षिणी इजरायल में चरमपंथियों की घुसपैठ के बाद नेतन्याहू ने देश की जनता को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, हमास ऐसी कीमत चुकाएगा, जैसा उसने सोचा भी न होगा। हम युद्ध में हैं। अभियान नहीं, बल्कि युद्ध छिड़ गया है।

हमास और इजरायल के बीच गोलीबारी जारीः बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने इजरायली सेना को हमास के लड़ाकों द्वारा हमले किए जाने वाले शहरों को खाली करने का आदेश दिया, जहां हमास के लड़ाकों और इजरायली सैनिकों के बीच गोलीबारी जारी है। इजरायली सेना ने कहा कि बड़ी संख्या में फलस्तीनी चरमपंथियों ने गाजा पट्टी से इजरायल में घुसपैठ की है। हमले को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने घरों में रहने का सुझाव दिया गया है।

कर्नाटक में हिंदू असुरक्षितः बीजेपी

बेंगलुरु

कर्नाटक के भाजपा नेता और पूर्व मंत्री कोटा श्रीनिवास पुजारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री सिद्दरमैया की अगुआई वाली सरकार में हिंदू असुरक्षित हैं। मीडिया से बातचीत में विधान परिषद सदस्य पुजारी ने कहा कि भाजपा की तथ्य अन्वेषी समिति ने गुरुवार को शिवमोगा का दौरा किया।

ईद-ए-मिलाद प्रदर्शन के दौरान हुई थी हिंसा

हाल ही में शिवमोगा सिटी में ईद-ए-मिलाद प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, जो स्थिति कश्मीरी पंडितों को घाटी छोड़ने के लिए पैदा की गई थी, शिवमोगा के रागीगुडा क्षेत्र के हिंदू

उसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। पुजारी ने कहा कि यह त्रासदी है कि एक वरिष्ठ मंत्री ने बयान दिया कि हिंदू ही भेष बदलकर हिंसा करने पहुंचे थे।घटना को छोटी दिखाने का प्रयास

शिवमोगा जिले के प्रभारी मंत्री मधु बंगारप्पा ने हाल ही में कहा था कि अगर त्रिशूल लहराया जा सकता है तो तलवार चमकाने में क्या गलत है। घटना को छोटी दिखाने का प्रयास कर रही सरकार ने 75,000 रुपये की क्षति होने का आकलन किया है।

नौसेना में पहली बार '360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र'

नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने शनिवार को कहा कि उसने एक 'परिवर्तनकारी मूल्यांकन तंत्र' को संस्थागत रूप दिया है क्योंकि मौजूदा प्रणाली में टॉप-डाउन दृष्टिकोण की अंतर्निहित सीमा है। नौसेना ने कहा है कि पदोन्नति बोर्डों के लिए नए 360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली को एक चुस्त और अनुकूल मानव संसाधन प्रबंधन ढांचे पर फोकस करने के साथ अंतिम रूप दिया गया है। इसने कहा कि सफेद पोशाक में महिलाएं और पुरुष बल के 'शिप फर्स्ट' दृष्टिकोण के केंद्र में हैं और निकट भविष्य में इसकी सबसे बड़ी परिसंपत्ति बने रहेंगे। बल ने एक

बयान में कहा कि इस संबंध में भारतीय नौसेना ने विभिन्न पदोन्नति बोर्डों के लिए '360 डिग्री मूल्यांकन तंत्र' की एक नई परिवर्तनकारी पहल को संस्थागत रूप दिया है। इसमें कहा गया है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर गोपनीय रिपोर्टों के मौजूदा मूल्यांकन तंत्र में टॉप-डाउन दृष्टिकोण की अंतर्निहित सीमा है क्योंकि यह अधीनस्थों पर किसी नेता के प्रभाव को पूरा नहीं करता है। नए मूल्यांकन तंत्र का मकसद पदोन्नति के लिए विचार किए जा रहे प्रत्येक अधिकारी के लिए उपयुक्त रूप से पहचाने गए साथियों और अधीनस्थों से बड़े पैमाने पर सर्वेक्षणों को शामिल करके इस कमी को दूर करना है। नौसेना ने कहा, 'सर्वेक्षण में कई तरह के सवाल शामिल हैं, जिनमें पेशेवर ज्ञान, नेतृत्व की विशेषताएं, युद्ध/संकट में उपयुक्तता और उच्च रैंक रखने की क्षमता जैसे पहलू शामिल हैं।

एशियन गेम्स में भारत की 'सेंचुरी, पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली/हांगझोऊ

चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स 2023 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारत की महिला कबड्डी टीम ने मैच में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। महिला टीम के गोल्ड मेडल जीतने के बाद भारत ने 100 मेडल का आंकड़ा छू लिया है। इस पल पर पूरे देश को गर्व है, क्योंकि अब तक किसी भी एशियन गेम्स में भारत ने 100 का आंकड़ा नहीं छुआ था।

मालूम हो कि एशियन गेम्स के

खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अक्टूबर को खास मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे उन सभी खिलाड़ियों से मिलेंगे, जिन्होंने भारत का नाम ऊंचा किया है और इसको ऐतिहासिक गेम्स बना दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि एशियाई खेलों में भारत के 100 पदक हासिल करना एक उपलब्धि है।

पीएम मोदी ने किया पोस्ट

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग इस बात से रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों की उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुंच गए हैं।

खबर संक्षेप

छिवकी गांव में पानी के लिए भटक रहे है लोग अधिकारी मौन

नैनी। नैनी छिवकी गांव में बीते चार दिन से पानी नही आ रहा है जिससे की लोगो के लिये मुसीबत बनी हुई है। लोग पानी के लिये इधर उधर भटक रहे है। बता दें कि नैनी क्षेत्र के छिवकी मे बीते दो दिन से पानी संकट गहरा गया है। लोग दूर दराज जाकर पानी बल्टी मे भरकर पालन पोषन कर रहे है। स्थानीय लोगो ने बताया कि आये दिन पानी की समस्या होती है। वही छिवकी मे चार से पांच हैंडपंप लगा है जो कि कुछ तो खराब है कुछ तो सही है। पानी न आने से सबसे अधिक समस्या स्कूल और आफिस जाने वालों को अधिक समस्या हो रही है। पानी के अभाव मे लोग न तो आफिस समय से जा पा रहे है और न ही बच्चे स्कूल। लेकिन जलसंस्थान और अन्य संबंधित इस ओर आंख मूदे बैठे है। स्थानीय लोगो ने आलाधिकारियों से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने की मांग की है।

कोटेदार चयन में हीला-हवाली करने वाले कर्मचारियों के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश

जंघई। ग्रामसभा पतवां मुतफर्का के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के लिए कोटेदार का चयन शुक्रवार को पुनः अधर में लटक गया।ग्रामीण जयप्रकाश पांडेय, बृजेश मिश्रा, राहुल पांडेय आदि ने चुनाव अधिकारी गिरीश पांडेय जेएमआई पर हीला-हवाली किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे निर्धारित स्थान प्राथमिक विद्यालय नेवादा पर अपरान्ह 3 बजे बिलंब से पहुंचे और सुबह से ही मौके पर डटे ग्रामीणों से कहा कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और पांच मिनट भी नहीं रुके वापस चले गए।उन्होंने कहा कि वे इसी प्रकार 29 सितंबर को भी स्वास्थ्य का बहाना बना लिए थे कोटा चयन में हीला-हवाली से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

घर के सामने खडी बाइक चोरी, दी तहरीर

मऊआइमा। घर के सामने खडी बाइक चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला मौलाना निवासी मुअज्जम अली पुत्र स्वर्गीय सिराज अहमद अपनी बाइक घर के सामने खडी करके घर में चला गया जब वापस लौटा तो बाइक नदारद थी। मुअज्जम अली ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

सौभाग्य योजना के कनेक्शन रसीद लेकर दर्जनों महिलाओं ने तहसील दिवस में की शिकायत

बिजली विभाग की मनमानी को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

कोरांव। कोरांव तहसील क्षेत्र के गांवो मे विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा सौभाग्य योजना के अंतर्गत कई गावों में कनेक्शन तो कर दिया गया किंतु आज तक खंभे ना तार का नामोनिशान नहीं है और कनेक्शन धारकों के नाम से बिल आ रहा है। जिसको लेकर जमुहारा गांव की दर्जनों महिलाओं ने कनेक्शन रसीद लेकर तहसील दिवस पर पहुंचकर विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर हंगामा किया और शिकायत दर्ज कराई है। आजादी के बाद से ही लोग गांव में अंधेरे में रह रहे हैं। लेकिन मनमानी का आलम यह है कि जिन गावों व मजरों का विद्युतीकरण नही हुआ है।उन गावों व मजरों के लोगो के नाम से बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा कनेक्शन कर गया है जिसका बाकायदा हर महीने बिल भी आ रहा है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कोरांव तहसील क्षेत्र के जमुहरा गांव की एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने सौभाग्य योजना के अंतर्गत कराई के कनेक्शन रसीद लेकर तहसील दिवस में पहुंचकर विद्युत विभाग की अधिकारियो के खिलाफ जमकर हंगामा किया और शिकायत की। इसी प्रकार सौभाग्य योजना के अंतर्गत बिजली विभाग के कर्मचारियों के द्वारा रत्योरा करपिया गांव मजरे अमिनशाह के पूरा व भगेसर मजरे लहवा गांव में भी आदि गांव में भी कलेक्शन तो कर दिया गया और आरोप लगाया है कि बिल भी आ रहा है। जबकि कनेक्शन तो कर दिया गया लेकिन बिजली का पोल व तार का पता नहीं है। जिन महिलाओं ने शिकायत करने पहुंची थी उसमें मंजू देवी पत्नी जितेंद्र कोल ,संगीता देवी पत्नी सनोज ,जय कली पत्नी बालेश्वर,राजवंती पत्नी राकेश कोल ,सुशीला देवी पत्नी अवधेश कोल,पूजा देवी पत्नी बुद्धशेन,शिव देवी पत्नी शिवराम ,सोन कली पत्नी लालचंद,राजकुमारी पत्नी अजय लाल ,मन्नू देवी पत्नी राज कुमार कोल ,लालती देवी पत्नी लालमणि,मालती देवी पत्नी पिंटू ,पूजा पत्नी साहब लाल आदि महिलाओं निवासीगण जमुहरा गांव शामिल हैं। उपभोक्ताओं ने शिकायत कर कनेक्शन व बिल निरस्त कराने की मांग की है।

कोरांव समाधान दिवस : शिकायतों का लगा अंबार, सुनी गई शिकायतें

अखंड भारत संदेश

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपूर्ण रहती हैं शिकायतें, निस्तारण में मनमानी

ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल मंत्री ने एसडीएम को दिया मांग पत्र, कोटेदारों और आपूर्ति अफसरों तथा राजस्व विभाग कर्मियों की मनमानी का मामला, खुद करेंगें जांच एसडीएम कोरांव

कोरांव। सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव में शनिवार को शिकायत कताओं का संज्ञान लेते हुए विधिक कार्यवाही का आश्वाशन दिया। और मडफा कला कोटेदार द्वारा खाद्यान्न के वीडियो वायरल,और अन्य ग्राम के कोटेदारों की मनमानी कार्य शैली की प्राप्त शिकायतों तथा चकमार्ग की जमीन पर पूर्व एसडीएम द्वारा बैठ कर खाली कराने के बावजूद मकान निर्माण किए जाने की प्रधान गणों की मांगपत्र तथा शिकायतों को स्वत संज्ञान लिया और कार्यवाही की बात कही। शनिवार 7 अक्तूबर को कोरांव सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें,भूमि विवाद, सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली और विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को डबल बिजली के बिल भेजे जाने,मनमानी बिल और आपूर्ति में ध्यान न दिए जाने जैसे मामलों को गंभीरता से न लिए जाने के चलते हर समाधान दिवस में बार बार आवेदन आ रहे हैं क्योंकि निस्तारण आख्या मनमानी भेजी जाती है,जिससे शिकायतों का अंबार लगना स्वाभाविक है। समाधान दिवस में ज्यादातर महिला कनेक्शन धारक कोल और अनुसूचित जाति कर ज्यादा तर निवासी हैं। निवासी ग्राम पंचायत बेलवानिया की जमूहरा मजरा कोरांव की पूजा देवी, मन्नू देवी, बिटोला देवी, मनु देवी, राजकुमारी, सुशीला देवी, मालती देवी, राजवंती देवी, लालती देवी, सोनकली, शिव देवी, कौशल्या देवी, जयकली देवी, तथा बाबोल ग्राम नीबी आदि विभिन्न गांवों के फरियादी शिकायत किए कि डबल बिल आ रहा है। बिल कैसे दिया जाय। कहीं तो बिजली न खंभा फिर भी बिल विभाग भेज रहा है। कई बार शिकायतें हुई किंतु सुनवाई नहीं की गई,कई ग्राम के ग्राम प्रधानों ने भी दुबारा तिबारा शिकायतें किया कि सीमांकन और पैमाइस के बावजूद भूअतिचारी सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे नहीं छोड़ रहे हैं। कुछ तो कहते हैं कि लेखपाल हमारे रिश्तेदार हैं तो कुछ कहते हैं रकम खर्च किया है तब सार्वजनिक भूमि पर कब्जा दखल हूं तो कोई सत्ताधारी पार्टी गठबंधन का कार्यकर्ता और नेता तथा कोई फौज में तो कोई गुंडई से ग्राम समाज की जमीनों को नहीं छोड़ रहे हैं। बल्कि प्राण घातक हमला भी प्रधानों पर कर रहे हैं। राजस्व कर्मी भी अपनी निस्पक्छ भूमिका नहीं निभा रहे हैं। ग्राम सभा मढ़फा कला में तो चाकमार्ग ही पर घर बन रहने की शिकायत आई,जिसे पूर्व एसडीएम ने ही बैठ कर पैमाइस कराई थी। ग्राम अल्हवा में लेखपाल पुलिस राजस्व टीम ने ग्राम समाज चकमार्ग, नवीन परती, बंजर, नदी, नाले के नाम से अभिलेखों में दर्ज भूमि पर जबरन कब्जा करने,और टीम के सिमांकान के बावजूद कब्जा कर फसल जोत बो लेने की प्रधान की शिकायतों के बावजूद सरहग कब्जा नहीं खाली करा रहे हैं। बल्कि शिकायत करने वालों के खिलाफ पेस बंदी कर शिकायतें कराई जाती हैं धमकियां दी जाती हैं। श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक सदस्यों के दो साल से ऑनलाइन आवेदन आज तक लाभ न दिए जाने तथा क्षेत्रीय श्रम अधिकारी द्वारा जांच आख्या लगाए जाने के बावजूद सहायक श्रम आयुक्त प्रयागराज द्वारा लाभ प्रदान किए जाने की संस्तुति नहीं कर रहे जिससे योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा और न तो कोई अमल जो रहा। फिलहाल मढ़फा कला,और अल्हवा ग्राम की शिकायतों को ले कर प्रधानों की शिकायतों को एसडीएम कोराव अभिनाश यादव ने गंभीरता से लिया और शख्त कार्यवाही का आश्वाशन दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में 316 प्रार्थना पत्र प्राप्त, 6 शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण

फूलपुर। फूलपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों के कुल 316 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए मौके पर छः का निस्तारण किया गया। अध्यक्षता नवागत एसडीएम अजीत कुमार जायसवाल ने किया। उन्होंने संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों तथा राजस्व कर्मियों से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की अपेक्षा की। मौके पर तहसीलदार ओपी शुक्ला, नायब तहसीलदार धनंजय सिंह यादव, एसडीओ विद्युत प्रांजल मिश्र फूलपुर, एसडीओ झूंसी, आपूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, ई ओ सोनल जैन, बी ड़ी ओ एचपी वर्मा, एडीओ पंचायत गुलाबचंद पांडेय के अलावा नहर विभाग, चकबंदी विभाग, जल निगम तथा कई थाने के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

तहसील मुख्यालय पर कांग्रेसी गरजे, सरकार की नीतियों पर आक्रोश

मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का भी 29 सितंबर से चल रहा है धरना

कोरांव। तहसील मुख्यालय पर जहां एक ओर अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस कक्ष में फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे। वहीं दूसरी ओर उप जिलाधिकारी न्यायालय कार्यालय के ठीक सामने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए। तहसील एवं ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर जहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूर्व विधायक रामकृपाल कोल व जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश उर्फ बबलू शुक्ला के नेतृत्व में बीते 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल व धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर देवघाट पावर हाउस पर बिजली पानी बेसहारा पशुओं को लेकर हो रही समस्याओं के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के ब्लाक अध्यक्ष रामराज सिंह पटेल के नेतृत्व में अनवरत धरना प्रदर्शन चल रहा है। भाकियू टिकैत के प्रदर्शन को गति देने के लिए शनिवार को सालिकराम मध्यांचल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, राजेंद्र प्रसाद पटेल जिला सलाहकार ने किसानों के बीच पहुंचकर प्रशासन से आर पार लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। सप्ताह भर के अधिक समय से धरनारत किसानों व कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के बीच एसडीएम अविनाश यादव, तहसीलदार अजय संतोषी पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया। किन्तु प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हुए उनकी मांगे हैं कि जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं होगा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान अशफीर्लाल सिंह, शैलेंद्र कुमार, रमेश कुमार, अशोक कुमार, देवी प्रसाद, शंकरलाल कोल, रामनारायण मौर्य समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

एक साथ पांच ब्राह्मणों की हत्या पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

सहसों। पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पर शनिवार को देवरिया में हुई पांच ब्राह्मणों की सामूहिक निर्मम हत्या को लेकर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विरोध जताते हुए कैंडल मार्च निकाला। तत्पश्चात शोक सभा करते हुए दिवंगत ब्राह्मणों के प्रति श्रद्धा सुमन के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तथा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक/ अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने कहा यदि एक माह में पीड़ित परिवार के साथ न्याय नहीं हुआ तो ब्राह्मण समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, घनश्याम शुक्ला, विनोद शुक्ला, चिंतामणि शुक्ला, विवेक शुक्ला, शाश्वत अशोक तिवारी, विवेक शुक्ला, राहुल शुक्ला, रामकृष्ण शुक्ला, विजय तिवारी, आशीष शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, पंकज शुक्ला, प्रशांत तिवारी आलोक शुक्ला, राजेश शुक्ला, सुर्यमणि पांडे, लालू तिवारी, सूर्यमणि मिश्र, पिंटू मिश्रा, रोहित सहित काफी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि देते उपस्थित रहे।

बीएल एकेडमी में भाजपा महानगर अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

नैनी। नैनी भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र का नैनी में प्रथम आगमन पर मुखिया नगर नैनी स्थित बी.एल.एकेडमी में जोरदार स्वागत हुआ कार्यक्रम में राजेंद्र मिश्र ने कहा कि आप लोगों के इस प्रकार के स्वागत से मैं धन्य हो गया कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने कहा कि अध्यक्ष की सादगी निश्चित रूप से लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित शिव शंकर दीक्षित, मयंक यादव, अनिल विश्वकर्मा , संजय श्रीवास्तव, अतुल सिंह, अजय मिश्र मनु मिश्रा, महीप इत्यादि समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पूर्वजों के मोक्ष प्राप्ति के लिए गया धाम किया प्रस्थान

जंघई। बभनियांव गांव निवासी विष्णुभूषण शुक्ला अपनी धर्मपत्नी गीता देवी के साथ साथ पितृ पक्ष में अपने माता पिता एवं पूर्वजों के श्राद्ध तर्पण हेतु मंत्रोच्चारण के बीच पिंडदान के माध्यम से सभी बंशावली पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अराध्य इष्टदेव एवं पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं अपने परिवार खानदान की सुख समृद्धि हेतु शुक्रवार को गया धाम प्रस्थान किया। पित्रों के श्राद्ध से मोक्ष की प्राप्ति होती है पितृ पक्ष मे ही लोग पित्रों के तर्पण हेतु भरतकूप होते हुए गया मे पिंडदान करते है। पारिवारिक सदस्यों, खानदान तथा क्षेत्रवासियों के संग गाजे बाजे के साथ गांव में भ्रमण करते हुए गांव के प्रत्येक घर की सुख शांति हेतु सभी घरों में अक्षत छिड़कते हुए प्रस्थान किया।इस अवसर पर पंडित उमेश शुक्ल, संजय शुक्ल, पंडित रामकृष्ण शुक्ल सर्वेश शुक्ल, ज्ञानेश शुक्ल, पंडित भालचंद्र, पंडित अखिलेश, उद्धव, यश, हर्ष, आशीष शुक्ल, रजनीश शुक्ल, पंडित गंगा प्रसाद पांडेय, योगेश प्रताप सिंह, राणा सिंह, प्रवीण तिवारी, अनिल तिवारी, अंशुमान शुक्ला सहित गांव एवं क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

सम्मान सहित सहसों ब्लॉक में संग्रह हुआ अमृत कलश

सहसों। देश के अमर शहीदों की याद में गांव गांव से अमृत कलश में मिट्टी तथा चावल एकत्रित कर सम्मान सहित ब्लॉक मुख्यालय पर संग्रह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तरह सहसों विकास खण्ड परिसर में शनिवार को अमृत कलश का अगवानी एवं विदाई के साथ सम्मान सहित संग्रहित किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश संग्रह कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह के नेतृत्व में सहसों ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से प्राप्त अमृत कलश के संग्रहीत मिट्टी का ब्लॉक स्तरीय अमृत कलश तैयार किया जा रहा है। जिसे जनपद स्तर पर भेजा जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , अधिवक्ता संदीप द्विवेदी, ग्राम प्रधान गुलाब तिवारी, प्रेम भारतीया, संजय सिंह, प्रदीप यादव, दीपक वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

ई रिक्शों की बाढ से लग रहा भारी जाम, हादसों से लोग सहमे

बिना लाइसेंस के नाबालिग, नशेड़ी ई रिक्शा चालक रोज दुर्घटना कर रहे हैं

मऊआइमा। मऊआइमा नगर पंचायत की सड़कें वैसे भी अतिक्रमण से त्रस्त है ऊपर से ई रिक्शों की आयी बाढ से लोगों का राह चलना मुहाल हो गया है। बिना लाइसेंसी, नाबालिग, नशेड़ियों के हाथों में स्टेरिंग होने से आए दिन ई रिक्शा पलटा रहता लोग हादसे से सहमे रहते हैं। मऊआइमा क्षेत्र में लॉकडाउन में बेरोजगारी बढने से क्षेत्र के लोग अपने घर आ गए। अपनी रोजी रोटी चलाने के लिए ई रिक्शा के अलावा अन्य कारोबार पावरलूम पर रोजी रोटी कमा रहे हैं। बताया गया है कि नगर पंचायत मऊआइमा में लगभग पांच सौ से अधिक ई रिक्शा है। इनमें से ई रिक्शा चालक अधिकांश नशेड़ी, नाबालिग हैं। आए दिन दुर्घटना करके भाग खडे होते हैं। अब तक कई की जान भी ले चुके हैं। बताया गया है कि सवारियों के चक्कर में यह जाम लगाने में माहिर हैं। थाना पडाव चौराहे पर विषेश कर ई रिक्शा से जाम से निजात के लिए पुलिस लगी रहती है। इन ई रिक्शा चालकों की मनबढ करतूतों से ऊबकर हादसे से सहम से गये हैं।

अज्ञात बदमाशों ने व्यवसायी से की छिनैती

फूलपुर। फूलपुर थाना अंतर्गत उग्रसेनपुर बाजार में वर्तमान प्रधान व सीमेंट, सरिया बालू के व्यवसाई से अज्ञात बदमाशों ने छिनैती कर ली। व्यवसाई शनिवार दोपहर 12 बजे दुकान पर बैठा था तभी बिना नंबर की बाइक से अज्ञात तीन लोग पहुंचे और राजीव कुमार मौर्या व्यवसायी से सीमेंट सरिया आदि का भाव पूछ चलने लगे। तभी बाइक सवारों से एक ने व्यवसायी पर फायर झोंक दिया। गोली का फायर मिस होने पर बन्दूक की बट से व्यवसायी प्रधान पर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर गले आदि में कई जगह चोटे आई। जाते-जाते बदमाशों ने उनके गले से सोने की चैन निकाल ली और फरार हो गए। शोरगुल सुन बाजार वाले दौड़े तब तक बदमाश भाग चुके थे। ग्रामीणों ने फोन से सूचना थाना फूलपुर पर दी। तो आनन फानन में प्रभारी थाना अध्यक्ष दीनदयाल सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और चुटहिल प्रधान व कुछ ग्रामीणों को थाने लाये। उनसे वारदात की तहरीर लेकर कार्यवाही में जुट गए। बताया जाता है कि प्रधान ने रेलवे स्टेशन उग्रसेनपुर के नये सिरे से निर्माण का करोड़ों का ठेका भी ले रखा है। यह भी दुश्मनी की वजह हो सकती है। पुलिस पूरे बाजार में सीसी कैमरे को खंगाल रही है। ताकि बदमाश पकड़ में आ सके।

रंगदारी न देने पर महिला को पीटा

झूंसी। थाना क्षेत्र के चक हरिहर वन में एक महिला के साथ मारपीट व रंगदारी का मामला प्रकाश में आया है पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। चक हरिहर वन गांव निवासी विमला देवी ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास मिला है जिसका वह निर्माण कर रही है आरोप है कि नई झूंसी के महिला पुरुष समेत दर्जनधर लोग आए और उससे रंगदारी मांग करने लगे न देने पर मारा पीटा और मकान न बनने देने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजा कमलाकर का जलवा, ममता और संजना को व्यक्तिगत चैंपियनशिप

राजा कमलाकर इंटर कालेज में आयोजित तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का समापन, प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर किया प्रेरित

शंकरगढ़। राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन 3000 मीटर दौड़, पांच किलोमीटर पैदल मार्च, ऊंची कूद, त्रिकूट, भाला फेंक, रिले रेस जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। इसी के साथ यमुनापार की तहसील (बारा) स्तरीय प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में बालिका सीनियर वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हरिशंकर पांडेय इंटर कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कालेज द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर में राजा कमलाकर प्रथम और हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज लालापुर द्वितीय रहा। वहीं बालक सीनियर वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रथम, राजा कमलाकर इंटर कालेज द्वितीय स्थान पर रहा। जूनियर बालक वर्ग में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज प्रथम, ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालक वर्ग में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रथम और हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज लालपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप ममता यादव और संजना त्रिपाठी को संयुक्त रूप से दिया गया। वहीं सीनियर बालक वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप शैलेश कुशवाहा ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा और आदित्य कुशवाहा राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। संपूर्ण प्रतियोगिता में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज चैंपियन रहा। समापन समारोह के अवसर पर प्रधानाचार्य और खेल संयोजक अनय प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया और उन्हें लगातार प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते रहने के लिए प्रेरित किया। अनय प्रताप सिंह ने कहा, प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र-छात्राएं जो भी खेल में रुचि रखने वाले लोग हैं। हमारे विद्यालय में आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 12 व 13 अक्टूबर, 2023 को विद्यालय में संपन्न होगी। उन्हें भी विद्यालय आमंत्रित कर रहा है। वह आएं और खेल के महत्व को समझकर बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सहयोग प्रदान करें। समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय वरिष्ठ अध्यापक रामबोध खरवार, ओपी धारिया,हरी कृष्णा, वकील प्रसाद शुक्ल, चंद्रप्रताप सिंह, क्रीडाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम, संचालक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ने सभी विजेताओं को मेडल पहनाया और उन्हें प्रमाणपत्र देते हुए आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने लेखन विभाग के सभी सदस्यों, विद्यालय के समस्त शिक्षकों का धन्यवाद व्यक्त किया। समापन समारोह के अवसर पर रानी देवयानी पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं, राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के शिक्षक उपस्थित रहे।

आधुनिक तकनीक से भ्रूण हत्या को मिल रहा बढ़ावा, मेजा में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर की भरमार

मेजा। आधुनिक तकनीक भ्रूण हत्या को बढ़ावा दे रही है। पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीनें और अल्ट्रासाउंड की मोबाइल अप्लीकेशन प्रमुख कारण हैं। तकनीक ने लिंग परीक्षण को इतना आसान बना दिया है कि डॉक्टर अस्पताल में ही नहीं बल्कि मरीजों के घर पर जाकर ही अल्ट्रासाउड कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि भ्रूण हत्या रोक पाना केंद्र व प्रदेश सरकार के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। एक ओर जहां सरकारें भ्रूण हत्या पर कानूनी रोक लगाई है। वहीं संबंधित इसे और बढ़ावा देने में दो कदम आगे निकल रहे हैं। बताया जाता है कि सरकारी अस्पताल के प्रभारी द्वारा इसे बढ़ावा देने में बढ़िया कमीशन खोरी की जा रही है। मेजा क्षेत्र में 2 दर्जन से अधिक अल्ट्रासाउंड सेंटर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। कई सेंटर ऐसे हैं जिनका लाइसेंस ही नहीं बना फिर भी विभाग की मिली भगत से फल फूल रहे हैं। एक समय रहा जब सरकार द्वारा कानून बनाकर अल्ट्रासाउंड पूरी तरह से प्रतिबंध कर दिया गया था।तब भ्रूण हत्या में काफी कमी आई थी,लेकिन सफलता न मिलने से एक बार फिर पुराने ढर्रे पर चल पड़ा है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कराई जायेगी। जांच में सही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जन जागरण के साथ साथ लोगो का दुख दर्द बांटना प्राथमिकता : संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश

मेजा। राजनीति में किसी भी नेता में नेतृत्व क्षमता के साथ उसमे मानवीय गुण भी होने चाहिए।भाजपा नेता डॉ संगम मिश्र पार्टी के मन्त्र सबका साथ को जनता के बीच जीना चाहते हैं।उनका मानना है कि लोकप्रियता तभी हासिल की जा सकती है जब लोगों के दुख दर्द के आप साथी बनेंगे।इसी सोच को जमीन पर उतारने के लिए वह संसदीय क्षेत्र के लोगों के आंसू पोंछने के लिए पीड़ित परिवारों के यहाँ पहुंच रहे हैं। डॉ. संगम मिश्र ने एक भेंट वार्ता के दौरान बताया कि सेवा और सहयोग की सीख परिवार के बड़ों से मिली तथा संस्कार और संस्कृति ने लोगों के दुख दर्द बांटने का रास्ता दिया।शिक्षा क्षेत्र से जुड़े होने के नाते सामाजिक सम्मान के गुण अपने आप आदतों में शुमार हो गए।उन्होने कहा कि हमारे पास कोई जादुई छड़ी नही है कि मैं घुमाकर सब कुछ ठीक कर दूंगा लेकिन सेवा और सहयोग की भावना मुझे पीड़ितों के साथ खड़े होने के लिए जरूर प्रेरित करती है। मेरी कोशिश है कि पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद की जाय लेकिन उससे भी जरूरी है कि उन्हें ढांढस बंधाया जाय। डॉ. मिश्र खमनिया महावीर बिन्द के भाई की मृत्यु पर उनके घर जाकर दुखी परिवार से मिले। और ढांढस बंधाया।कहा कि मुझे जब भी याद करोगे में आपके बीच मिलूँगा।उन्होने ओनौर गांव में सियाराम प्रजापति के भाई की मृत्यु पर उनके घर पर जाकर शोक संतप्त परिवार को सान्त्वना दी है। डॉ संगम मिश्र इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के ग्राम वासियों के सुख-दुख में हाजिर होकर उनके सुख दुख का साथी होने का एहसास दिलाया है।कहा जन सेवा का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। डॉ. मिश्र के भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता दिलीप शुक्ल, एसके तिवारी, शंकर देव त्रिपाठी, आकाश निषाद, अमरेश मिश्र, लाल चंद बिंद, प्रेमचंद गुप्ता, राजेश शर्मा, आकाश सहित कई लोग मौजूद रहे।

मनरेगा की स्टेट टीम ने गांवो में जाकर जानी हकीकत

अखंड भारत संदेश

कोरांव। मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज कार्यालय से उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय प्रयागराज भोलानाथ कनौजिया के पत्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड कोरांव के दो ग्राम पचायतो अल्हवा व बहियारी कला में मनरेगा योजना से कराए गए विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं निरीक्षण किए जाने का निर्देश जारी हुआ था। जिसके क्रम में उक्त टीम ने ग्राम पंचायत अल्हवा एवं ग्राम पंचायत बहियारी कला का भौतिक सत्यापन निरीक्षण किया। जो भी त्रुटियां पाई गई उसको सुधार करने के लिए चेतावनी देते हुए निर्देश दिया। इसके अलावा कोई विशेष अनियमितता न मिलने पर ग्राम प्रधानों के कार्यों की सराहना भी की गई। ग्रामीणों ने जांच टीम में शामिल रहे ओम प्रकाश चौबे समेत अन्य अधिकारियों का ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग भी किया।

अपना दल एस की संपन्न हुई मासिक बैठक

डॉ सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस की तैयारियों व संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

कोरांव। अपना दल एस पार्टी के जिले की मासिक बैठक विधानसभा कोरांव के लेडियारी बाजार में स्थित रामचरण इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुई। जहां जिला एवं विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में 17 अक्टूबर को डॉ सोनेलाल पटेल के पर निर्माण दिवस की तैयारी व संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श करते हुए कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम जी सिंह पटेल व राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल तथा गोकुल प्रसाद सिंह पटेल प्रदेश सचिव सहकारिता मंच मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष फूलचंद सिंह पटेल ने की। राष्ट्रीय कमेटी के पदाधिकारियों ने स्थानीय जनपद स्तरीय कार्यकताओं को संगठन विस्तार व मजबूती के लिए जहां टिप्स दिए, वहीं पार्टी की आगामी रणनीति व उद्देश्यों से परिचित कराते हुए मिशन 2024 में जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में प्रमुख रूप से चिकित्सा मंच के जिलाध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र सिंह पटेल, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष लाल शास्त्री पटेल, परमानंद पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, मनोज पटेल, इंद्रजीत पटेल, राहुल मौर्य समेत कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

गंगा में डूबे 3 लोग, 2 लापता

रसूलाबाद घाट पर हुआ हादसा, गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी

अखंड भारत संदेश





प्रयागराज। शनिवार को प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर 2 लोग गंगा में डूब गए। दोनों प्रतापगढ़ जनपद के मल्हूपुर गांव के रहने वाले थे और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रसूलाबाद घाट पर आए थे। अंतिम संस्कार के बाद तीन लोग स्नान करने के लिए गंगा में गए थे तभी तीनों डूबने लगे। जिसमें से नन्हकऊ नाम के व्यक्ति को बचा लिया गया जबकि सीताराम और कृष्ण कुमार का अब तक पता नहीं चल सका है।लापता लोगों की तलाश में 6 लोगों की गोताखोर की एक टीम जुटी हुई है। लेकिन अब तक कोई पता नहीं चल सका है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

प्रशासन की लापरवाही से हो रहा हादसा

दरअसल, कल यानी शुक्रवार को दोपहर में रसूलाबाद घाट के पास मेंहदौरी घाट पर पांच किशोरों की डूबने से मौत हो गई थी। इन दिनों गंगा का जलस्तर बढ़ा है और तेज बहाव के चलते इस तरह का हादसा हो रहा है। वहीं इसके लिए कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही भी सामने आ रही है। बता दें कि रसूलाबाद घाट पर प्रयागराज समेत आसपास के बड़ी संख्या में लोग यहां अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन सुरक्षा की दृष्टिकोण से यहां कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए हैं। इस हादसे के बाद लोगों में आक्रोश भी है। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से यहां बैरिकेटिंग आदि के इंतजाम नहीं किए गए हैं। वहीं इस संबंध में शिवकुटी थाना के प्रभारी संजय गुप्ता का कहना है कि दो लोगों के डूबने की सूचना है। दोनों अंतिम संस्कार में आए थे। तेज बहाव के चलते वह डूब गए हैं। गोताखोर के जरिए खोजबीन की जा रही है।

एयर फोर्स डे पर नहीं आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, मंत्री नंदी होंगे शामिल

प्रयागराज। एयर शो में सीएम योगी शामिल नहीं होंगे। उत्तराखंड में दौरे की वजह से कार्यक्रम में उनके प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी शिरकत करेंगे। शुक्रवार को सीएम ने लखनऊ में मुलाकात के दौरान मंत्री नंदी को नामित किया। योगी शनिवार को उत्तराखंड में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के बाद शाम को बाबा केदारनाथ का दर्शन करेंगे। अगले दिन आठ अक्तूबर को बाबा बद्रीनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद ही वह लखनऊ लौटेंगे। वहीं, कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भी आगमन पर असमंजस है। शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान रक्षा मंत्री का एक भी बार उदघोषक ने नाम नहीं लिया, जबकि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम का नाम लिया। इससे एक बारगी लोगों को यही लगा कि राज्यपाल और सीएम दोनों किला स्थित प्रेसिडेंट व्यू में ही है।

नैनी में आतंकी रिजवान के साथ चकदोंदी में एटीएस ने मारा छापा

अखंड भारत संदेश

नैनी जेल चौकी इंचार्ज थे मौजूद करीब छह घंटे चली छापे मारी

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार आतंकी रिजवान अशरफ के प्रयागराज के ठिकाने पर एटीएस की टीम के जांच के क्रम में शुक्रवार को सुबह करीब 8 बजे से एटीएस की टीम ने रिजवान को लेकर नैनी पहंची और नैनी के चकदोंदी स्थित कसाई मोहल्ला में फिरोग अहमद उर्फ असद नाम के व्यक्ति के घर पर छापा मारा। रिजवान असद के छोटे बेटे हसन का दोस्त बताया जाता है और रिजवान का यहां आना जाना था। फीरोग अहमद सपा नेता सारिक का चचेरा भाई बताया जाता है। एटीएस की टीम तीन गाड़ियों और आधा दर्जन कमांडो के साथ यहां पहुंची छापेमारी के दौरान घर के सभी सदस्यों के मोबाइल टीम ने अपने कब्जे में ले लिया और किसी के भी अंदर बाहर आाने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। बताया जाता है कि यह परिवार क्षेत्र के प्रतिष्ठित जमीदार परिवार से तालुक रखता है। जांच के दौरान घर के सदस्यों से रिजवान अशरफ के बारे में जानकारी जुटाई गई। रिजवान अशरफ के यहां पर रहने की वजह को लेकर एटीएस की टीम घर के सदस्यों से पूछताछ की। टीम ने रिजवान अशरफ कितने दिनों तक यहां पर रहा है और उसके रहने की असल वजह क्या है, इस पर घर वालों से पूछताछ कर जानकारी ली। इस दौरान घर में मौजूद कुछ इस्लामिक साहित्य से जुड़े दस्तावेज भी एटीएस की टीम ने कलेक्ट किया है। पूरे अभियान में सुरक्षा के लिहाज से नैनी पुलिस भी घर के बाहर मौजूद रही। दोपहर करीब दो बजे तक चले आभियान के बाद एटीएस की टीम अपने साथ चार नकाबकोश को लेकर निकल गई हालाकि की किसी को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि अधिकारियों ने नही की है। फीरोग अहमद उर्फ असद इलाके के हिस्ट्रीशीटर और भू माफिया का रिश्तेदार बताया जाता है। दरअसल दिल्ली स्पेशल सेल द्वारा कुछ दिनों पहले रिजवान अशरफ को आतंक के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पता चला था कि रिजवान अशरफ नैनी इलाके में काफी दिनों तक रहा है।

नैनी स्टेशन के बाहर बमबाजी से फैली सनसनी

स्टेशन के बाहर फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी होने से लोगों में तरह तरह की चर्चा

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के के रेलवे स्टेशन के बाहर दो गुटों में झगड़ा हो गया। बात बढने पर बमबाजी शुरू हो गई। गनीमत रही की बमबाजी मे कोई हताहत नही हुआ। सूचना पर नैनी पुलिस के साथ ही बीडीएस एवं फायर बिग्रेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके से एक स्कूटी मिली है, जो बमबाजी के दौरान अफरा-तफरी में युवक छोड़कर भाग गए। मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के नैनी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार के बगल नया पुरवा रोड पर दो पक्षो मे कहासुनी होने लगी। उसी दौरान एक गुट ने दूसरे पर बम से हमला कर दिया। बम चलने से आसपास क्षेत्र में दहशत फैल गई। मौके पर इंस्पेक्टर नैनी यरशपाल सिंह, चौकी प्रभारी जीआरपी विरेंद्र प्रताप सरोज, दमकल की टीम एवं बम निरोधक दस्ता की टीम भी वहां पहुंच गई। जांच में पता चला कि दो गुटों में मारपीट के बाद दहशत फैलाने के लिए बम चलाया गया है। पुलिस मौके से मिली स्कूटी की मदद से युवकों का पता लगाने में जुटी है।

जैनब फातिमा को हत्याकांड में झूठा फंसाया जा रहा, बहन ने हाईकोर्ट में एफआईआर को दी चुनौती

प्रयागराज। कमिश्नरेट पुलिस और एसटीएफ अशरफ की बीवी जैनब फातिमा के ठिकानों का पता लगाने के लिए उसके भाई सद्दाम से पूछने में लगी रही और उसकी बड़ी बहन शबीना अनीस भाजपा नेता उमेश पाल हत्याकांड की एफआईआर निरस्त कराने के लिए जैनब की ओर से हाईकोर्ट पहुंच गई। दलील दी है कि हत्याकांड में उसकी बहन को झूठा फंसाया गया है। उसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। अदालत मामले की सुनवाई अगले हफ्ते कर सकती है।माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा को पुलिस और एसटीएफ कई राज्यों में खोज रही है, लेकिन उसके प्रयागराज में होने के संकेत सामने आ चुके हैं। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी गुड्डू मुस्लिम और अन्य को शरण देने की आरोपी बनाई गई जैनब ने अगस्त में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। इसके लिए हाईकोर्ट में फोटो खिंचवाने के साथ-साथ अन्य कागजातों पर हस्ताक्षर भी किए थे। मगर, पुलिस को भनक तक नहीं लगीपुलिस ने उसकी तलाश में हाईकोर्ट के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले थे। इसमें बुर्का पहने तीन महिलाएं दिखाई दी थीं। कयास लगे कि इसमें अतीक की बीवी शाइस्ता भी हो सकती है। हालांकि, पुलिस शाइस्ता परवीन का पता लगा सकी न उसकी देवरानी जैनब का। इसके बाद जैनब ने अग्रिम जमानत की रणनीति बदल ली है।

एफआईआर को रद्द करने की मांग : गिरफ्तारी के डर से अब जैनब हाईकोर्ट में खुद हाजिर न होकर अपनी बड़ी बहन शबाना अनीस से हलफनामा दाखिल कराते हुए उमेश पाल हत्याकांड की एफआईआर को रद्द कराने की हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। वकालतनामे पर हस्ताक्षर जैनब फातिमा ने ही किए हैं। इसकी तस्दीक उसकी बहन ने की है। शासकीय अधिवक्ता कार्यालय से पुलिस को इस याचिका की प्रति भी भेजी जा चुकी है। अदालत में दलीलें पेश करने के लिए उमेश पाल की पत्नी जया के वकील भी नियुक्त किए जा चुके हैं। चौंकाने की बात है कि जिस जैनब का पता लगाने के लिए पुलिस उसके भाई सद्दाम से पूछताछ का दावा करती रही है, वह इतना बेखौफ घूम रही है। उसकी बड़ी बहन को जैनब के बारे में सबकुछ पता है। यहां तक कि उसने हलफनामे में दस्तखत की तस्दीक करते हुए दावा किया है कि उसे बहन के केस के बारे में सबकुछ मालूम है। न जाने क्यों, पुलिस फिर भी उससे पूछताछ नहीं कर रही है।

ईरिक्शा चालक पर हमला करने वाला गिरफ्तार

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर नगर मे ईरिक्शा चालक सोनू शर्मा पर हमला करने वाले आरोपी को नैनी पुलिस ने शनिवार को अरेवा कंपनी के सामने छिवकी जंक्शन के सामने से गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि ईरिक्शा चालक सोनू शर्मा पर पुत्र ओम प्रकाश शर्मा पर उसके पड़ोसी राहुल गौड़ ने धारदार कैँची से हमला किया था। सोनू का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में चल रहा है। इस समय उसकी हालत ठीक है । सोनू के बयान और आरोपी से पूछताछ में दोनों में कोई रंजिश की बात सामने नही आई है। राहुल गौड़ मानसिक रूप से बीमार है। उन्होने बताया कि राहुल गौड़ निवासी माधवपट्टी को शनिवार को अरेवा कंपनी के सामने छिवकी जंक्शन रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर केंद्रीय कारागार नैनी के सामने बगिया से कैंची भी बरामद कर ली गई है।

मेरा हुनर मेरी पहचान कार्यक्रम से बालिकाओं को मिलेगी प्रेरणा : उषा कुमार

अखंड भारत संदेश

एमयूएनपीएल ने राजकीय शिशु एवं बालिका गृह में आयोजित चिल्ड्रन कार्निवल के प्रतिभागियों को सम्मानित किया

मेजा। मेजा ऊर्जा निगम ने अपने नैगम सामजिक दायित्व के अंतर्गत, अपनी सहयोगी कल्याण शाखा - अपराजिता महिला समाज (एएमएस) के द्वारा ₹चिल्ड्रेन कार्निवल-2023₹ के प्रतिभागियों को सम्मानित किया।यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार ने 'मेरा हुनर मेरी पहचान' थीम पर आधारित कर प्रदेश के नौ जिलों में प्रारम्भ की है। इसी श्रंखला में 2 अक्टूबर से प्रयागराज स्थित राजकीय शिशु एवं बालिका गृह में किशोर न्याय बोर्ड के तत्वाधन में इस कार्निवल का आयोजन किया गया था। इस पहल के माध्यम से राजकीय शिशु एवं बालिका गृह के निवासियों, विशेषकर युवा बालिकाओं और बालकों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्राप्त हुआ। समापन समारोह में इन प्रतिभागियों ने खुद से तैयार किए हुए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई। उनकी कला को सराहते हुए एमयूएनपीएल के एएमएस और सीएसआर प्रतिनिधियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और महिलाओं को स्वच्छता किट वितरित किया । उन्होंने लड़कियों को स्टेशनरी किट और लंच बॉक्स भी प्रदान किए। मेजा ऊर्जा निगम के इस पहल को अध्यक्षा अपराजिता महिला समाज उषा कुमार के नेतृत्व में पूरा किया गया। उन्होनें अपने संदेश में उत्तर-प्रदेश सरकार की पहल को सराहा और कहा, इस मंच के द्वारा युवा लड़कियों और महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी जिससे वह अपने हुनर को और अधिक निखार सकेंगी।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एमयूएनपीएल हमेशा ऐसी पहल में भाग लेने के लिए अग्रसर है क्योंकि ये सभी वंचित वर्गों का सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और व्यक्तिगत तौर पर विकास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान एएमएस उपाध्यक्षा श्रीमती राखी महेश्वरी एवं श्रीमती रेखा सिंह, श्री एलडी पांडेय, उप. प्रबंधक (सीएसआर), अस्मिता असवाल, सीएसआर कार्यकारी और अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

रानीगंज में कुटिया के पास बेहोश मिला अधेड़, इलाज के दौरान हुई मौत

अखंड भारत संदेश

परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए दी तहरीर, पीएम को भेजा गया शव

बारा/शंकरगढ़। शुक्रवार की शाम घर से बाहर निकला अधेड़ शनिवार को सुबह बेहोशी की हालत में पाया गया। इलाज के दौरान दूसरे पहर उसकी सीएचसी शंकरगढ़ में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को चीरघर भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के पगुवार गांव निवासी अमरजीत सिंह उर्फ पप्पू पुत्र शिवसेवक गांव छोड़कर अपने ही ग्राम पंचायत के रानीगंज में मकान बनाकर रह रहा था। उसकी पत्नी की मौत कुछ वर्ष पहले ही हो चुकी है। दो बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। अमरजीत सिंह अपने एक बेटे व एक बेटी के साथ रहता था। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम वह घर से बाहर गया था और रातभर घर नहीं लौटा। पिता के घर नहीं लौटने से उसके बच्चे परेशान रहे। इधर, शनिवार को भोर में मार्निंग वॉक पर निकले लोगों ने अमरजीत को बेहोशी की हालत में रानीगंज की कुटिया के पास देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस से अमरजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दूसरे पहर लगभग 3:00 बजे मौत हो गई। अमरजीत की मौत से उसके दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर विवाहित बेटियां और उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दूसरे नंबर की बेटी पार्वती ने मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

बीकॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

घर वालों की डांट फटकार के बाद उठाया आत्मघाती कदम

प्रयागराज। करेली थाना क्षेत्र के सदियापुर में बी कॉम की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने यह कदम क्यों उठाया इसका सही कारण पता नहीं चल सका है। हालांकि आस पड़ोस के लोगों ने दबी जुबान बताया कि परिजनों की डांट फटकार के बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। सदियापुर करेली के रहने वाले सरन सिंह कपड़ा व्यवसायी हैं। उनकी पुत्री मोहिनी सिंह (22) बी कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह एसएस खन्ना डिग्री कॉलेज में पढ़ती थी। शुक्रवार की देर रात उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुले पर परिवार के लोग परेशान हो गए। मौके पर मुहल्ले वाले भी जुट गए। किसी ने खिड़की से अंदर देखा तो उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना से परिवार के लोग स्तब्ध हैं। उनका कहना है कि उन्हें यह तनिक भी आभास नहीं था कि उनकी पुत्री इस तरह का कदम उठा सकती है। मुहल्ले लोग और रिश्तेदार परिजनों को ढांढस बंधाते रहे। पोस्टमार्टम हाउस पर परिजन बिलखते रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत अहिरारा, वि. ख. सिराथू, जिला- कौशाम्बी

पत्रांक: मेमो/पन्द्रहवां/पंचम/एसबीएमजी फेज-2/मनरेगा/ 2023-24

टेण्डर/कोटेशन

दिनांक 07.09.2023

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/ पंजीकृत विकेताओ को एतद्द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अहिरारा विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी मे वित्तीय वर्ष 2023-24 मे ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज -2 के अर्न्तगत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (माडल ग्राम पंचायत) के अर्न्तगत साइकिल ई-रिक्शा डस्टबिन क्रय प्लास्टिक बैक कय आर0आर0सी सेटर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेण्ट बालू सरिया ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी टाल्इस इण्टर लकिंग इत्यदि वित्त आयोग एस0बी0एम0 फेज 2 (ग्रामीण) की प्राप्ति धनराशि के अनुसार पन्द्रहवॉ वित्त आयोग/ पंचम वित्त आयोग/ मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अर्न्तगत निर्माण कराने हेतु निर्धारित मानक /गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म से दिनांक 08.10.2023 से 16.10.2023 के अपराहन तीन बजे तक निविदा आमत्रित की जाती है प्राप्त निविदा दिनांक 18.10.2023 को कार्यालय के कार्य दिवस अपराहन 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सचिवालय मे निविदा प्रेषित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एंव ग्राम प्रधान की उपास्थिती मे की जायेगी आमत्रित टेण्डर मे दर्शाये गये कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेंगे जिसका विवरण निम्नवत है

क्र0	कार्य का नाम	नग/ प्रकार	सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग (लाख में)	सामग्री की अनुमानित धनराशि (लाख में)	निविदा का मूल्य	धरोहर धनराशि	टेण्डर स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि व प्रतिशत	कार्य की अवधि
1.	सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्ट पिट)	4	20000.00	80000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	7 माह
2.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट पिट	6	7000.00	42000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
3.	सामुदायिक एवं सस्थागत कचरा पात्र	15	25000.00	375000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
4.	सामुदायिक एवं सस्थागत प्लास्टिक बैंक	10	6500.00	65000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
5.	कचरा वाहन ई-रिक्शा/ साइकिल रिक्शा	2	160000.00	3.20 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
6.	स्वच्छता किट	3	2000.00	6000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	15 दिन
7.	सामुदायिक एवं सस्थागत खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट	25	13000.00		500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	3 माह
8.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंध केन्द्र RRC	1	8.00 लाख	8.00 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
9.	सामुदायिक एवं संस्थागत सोक पिट निर्माण	10	16000.00	1.60 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
10.	सिल्ट केचर (नालियों पर) निर्माण	500 मीटर	10000.00	5.00 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
11.	फिल्टर चैम्बर (तालाबों/ जलाशयों पर) निर्माण	2	4.00 लाख	8.00 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
12.	यू टाइप नाली निर्माण	300 मीटर	16000.0	4.80 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
13.	हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग/ मरम्मत/निर्माण कार्य	15	5000.00	75000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
14.	हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण	10	14000.00	1.40लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह
15.	व्यक्तिगत नाडेप (कम्पोस्ट पिट)	5	20000.00	1.00 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
16.	सेप्टिक टेंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु व्यक्तिगत लीच पिट	1	11500.00	11500.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
17.	व्यक्तिगत सोक पिट	2	14000.00	28000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
18.	सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर (भस्मक)	2	10000.00	20000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
19.	भूमिगत नाली निर्माण/ मरम्मत कार्य	300 मीटर	2000.00	6.00 लाख	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	3 माह
20.	शौचाल रेट्रोफिटिंग कार्य				500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	3 माह
21.	व्यक्तिगत खाद गड्ढा (कम्पोस्ट पिट)	1	20000.00	20000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	3 माह
22.	व्यक्तिगत (कम्पोस्ट पिट)	1	20000.00	20000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	1 माह

नियम व अन्य शर्ते-

1.निविदा के अन्य धरोहर धनराशि फिक्स सिक्योरिटी एन0एस0सी अथवा एफ0डी0 राष्ट्रीयकृत बैंक / डाक घर का हो की बात है तथा ग्राम पंचायत अहिरारा वि0ख0 सिराथू जनपद कौशाम्बी के पक्ष मे बन्धक हो मान्य होगा । प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता के टेस्टिंग की रिपोर्ट के भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2.उपरोक्त निविदा 18.10.2023 को 2 बजे अपराहन खोली जायेगी । ग्राम निधि मे उपलब्ध धनराशि व कार्य का मापक न होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा साम्रगी घट बढ़ सकती है। प्राक्लन के अनुसार भुगतान वास्तविक एम0बी0 अनुसार होगा जेम पोर्टल रजिस्टर्ड फर्म विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

कोमल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अहिरारा
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

संतोष कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत अहिरारा
वि0 ख0 सिराथू कौशाम्बी

प्रतापगढ़ संदेश

काउंसिल ऑफ इंडिया करेगा पत्रकार सुलभ की मौत की जाँच

प्रतापगढ़। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव की मौत की जाँच करेगा। बता दें कि जून 2021 में समाचार कवरेज कर लौटते समय दुर्घटना में मौत हुई थी। मौत से कुछ दिन पूर्व एक चैनल के पत्रकार सुलभ ने आईजी जोन प्रयागराज को पत्र भेजकर शराब माफिया से जान का खतरा बताया था। सुलभ की मौत को पुलिस ने हादसा बताया था। इस लेकर भारतीय प्रेस परिषद ने प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जांच में सहयोग करने की अपेक्षा करते हुए दो सदस्यों को नामित किया है। बता दें कि प्रेस कौंसिल की सदस्य व सम्पादक जनमोर्चा डॉ सुमन गुप्ता व सदस्य आरती मिश्रा शीघ्र ही प्रतापगढ़ आकर जांच करेगी।

महिलाओं की सुरक्षा और अधिकार के लिए कटिबद्ध है सरकारः सांसद

अझारा गॉव में आयोजित हुआ चौपाल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। भाजपा सरकार महिलाओं के हक, अधिकार और सुरक्षा को लेकर कटिबद्ध है। यही कारण है कि प्रदेश और केंद्र की सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं संचालित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। यह बातें सांसद संगमलाल गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण के तहत रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के अझारा गांव में अनुसूचित बस्ती में आयोजित चैपाल में कहीं।

चौपाल कार्यक्रम में चुनरी नारियल लिये महिलाओं के साथ सांसद संगम लाल गुप्ता।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जाति और सम्प्रदाय की महिलाओं को उनका हक मिले और वे आत्मनिर्भर बनकर अपने पांव पर खड़ी हो सके राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की हितैषी है। महिलाओं को आरक्षण देकर सरकार ने महिलाओं को संसद तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दलित और आदिवासी लोंगों को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है।

दलित समाज के रामनाथ कोविद को राष्ट्रपति बनाने के बाद भाजपा ने आदिवासी महिला श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के पद पर बैठाकर साबित कर दिया है कि भाजपा जाति और सम्प्रदाय वाद की नीति से हटकर सब का साथ और सबके विकास की भावना से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि चैपाल का उद्देश्य है कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच पा रही है या नही। उन्होंने लोगों की जन समस्याएं सुनीं और निस्तारण भी किया।इस दौरान उन्होंने शारदीय नवरात्रि में पूजन के लिए महिलाओं को मां दुर्गा की प्रतिमा ,और नारियल चुनरी एवम कलस प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं से अपील की कि मां आदि सक्ति की आराधना जरूर करें। इसके बाद सांसद ने भटनी और सराय संग्राम सिंह गांव में आयोजित चैपाल को भी सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह, रिंकू शुक्ल, गट्टे मिश्र, नितिश दुबे, सीमा सरोज, बिंदु शर्मा, सुधा पांडेय, पूनम पांडे, बिट्टन तिवारी, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

विवाहिता ने फांसी लगाकर बन्द कमरे मे दी जान

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के अथैसा लोकईयापुर निवासी विवाहिता सपना पत्नी कमलेश यादव (22) वर्षीय ने बीती रात को अपने घर के कमरे का दरवाजा बन्द करके पंखे मे बेड सीट बांधकर इहलीला समाप्त कर ली।

पति हैवी व्हीकल चालक है जो कई दिनों से बाहर है। विवाहिता का ससुर सोहन लाल व सास से ताल मेल न होने से अकेले कमरे मे रहती थी। सुबह देर होने पर विवाहिता के उठने से देर होने पर परिजन लोग आवाज देने लगे अंदर से कोई जवाब न मिलने पर परिजन लोग किसी अनहोनी की अशंका जताने लगे खिड़की से देखने पर लोग सन्न रह गये विवाहिता मृत अवस्था मे फंदे से लटक रही थी। पुलिस के पहुंचने के पहले मृतका का भाई फावड़ा से दरवाजा तोड़कर अंदर किसी तरह हाथ डालकर दरवाजे को खोल दिया और पंखे से लटक रही विवाहिता को उतारने लगा जिस पर बेड सीट का फंदा टूट गया। विवाहिता के ससुर ने अपने पुत्र अतुल को व विवाहिता के माता पिता को घटना की जानकारी देने के बाद महेशगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा बाजी शुरू कर दिया मामला को किसी तरह पुलिस ने शांत कराया। घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

सड़क दुर्घटना मे स्कूल के अनुचर कर्मचारी की दर्दनाक मौत एक घायल

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर मीडियट कालेज मुरस्सापुर मे अनुचर पद पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शिशिर कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्रभात कुमार श्रीवास्तव (52) वर्षीय शुक्रवार की सुबह अपने आवास अमरीश पुरी रायबरेली कालोनी से स्कूल के सहकर्मी संजय कुमार पांडेय पुत्र रामकृष्ण पांडे निवासी ऊंचाहार थाना के माधवपुर सुल्तान जो वर्तमान समय रायबरेली मे परिवार के साथ रहते हैं।

दोनो एक ही बाईक से रोज की तरह साथ मे मुरस्सापुर राजकीय इंटर कालेज आ रहे थे कि प्रयागराज

रायबरेली घर से अनुचर व सहकर्मी कर्मचारी बाईक से स्कूल आ रहे थे

लखनऊ नेशनल हाइवे के जनपद रायबरेली के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के जामो कोल्ड स्टोरेज के समीप सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पीछे से आ रही अज्ञात अटिंगा कार जोरदार टक्कर मारती हुई निकल गई टक्कर लगते ही दोनो सड़क किनारे खून से लथ पथ हो गये ग्रामीणो की नजर पड़ते सभी दौड़ पड़े और स्थानीय पुलिस को फोन किया मौके पर पहुंची पुलिस दोनो गंभीर रूप से घायल शिशिर श्रीवास्तव व कॉलेज के सहकर्मी संजय कुर्मा पांडेय को स्थानीय उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने शिशिर श्रीवास्तव को मृत्यु घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल संजय पांडे का खतरे से बाहर बताते हुए उपचार चल रहा है। घटना की खबर मिलते ही दोनो शिक्षक के घर के परिजन लोग अस्पताल पहुंच गये। शव देख चीख पुकार मच गई। मृतक अनुचर कर्मचारी शिशिर अपनी पत्नी ममता व दो बेटिया सिमरन व करिश्मा तथा एक बेटा अनमोल के साथ रायबरेली मे अपने मकान मे रहते थे। घटना की जानकारी मिलते ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गिरजेश श्रीवास्तव ने स्कूल में दो मिनट का शोक सभा अयोजित कर छुट्टी कर दिया।

नेशनल कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल्स जीतकर जनपद को किया गौरवान्वित

नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में प्रतापगढ़ के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम-खम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश की ओर से नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 20 मेडल्स जीतकर जनपद को गौरवान्वित करने वाले खिलाडियों एवं एस०के०आई०ए० के प्रेसिडेंट डॉक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर का सृजना साहित्यिक संस्था, एलायंस क्लब इन्टर नेशनल, भारतीय जीवन बीमा निगम की यूनिट (31102) एवं अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा रेलवे स्टेशन पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उनके प्रयत्नों की प्रशंसा एवं सराहना की गयी।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एस०के०आई०ए० के तत्वावधान में संपन्न हुई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम

खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर स्वागत करते लोग।

में चयनित हुए प्रतापगढ़ के 10 खिलाड़ियों ने 20 मेडल्स जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उक्त कराटे चैम्पियनशिप में सम्पूर्ण भारतवर्ष से 1228 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें उत्तर प्रदेश की ओर से खेलने वाले 42 खिलाड़ियों में प्रतापगढ़ के 10 खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई जो जनपद के लिए गौरव की बात है। उक्त चैम्पियनशिप के आयोजन के अवसर पर एस०के०आई०ए० के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर को सर्व सम्मति से प्रेसिडेंट चुना गया जिससे जनपद को दोहरी सफलता और ख्याति हासिल हुई है। उक्त चैम्पियनशिप में जनपद के जिन 10 खिलाडियों ने अपना शत-प्रतिशत देते हुए जनपद को गौरवान्वित किया उनके नाम एवं उपलब्धियां क्रमशः निम्न प्रकार हैं-मर्जिया मुजफ्फर-2 गोल्ड मेडल, श्रेयांश श्रीवास्तव-2 सिल्वर मेडल, कार्तिक मिश्रा-1 गोल्ड एवं 1 ब्राउन्स मेडल, देवांश मिश्रा-1 गोल्ड एवं 1 ब्राउन्स मेडल, अक्षय प्रजापति-1 गोल्ड एवं 1 सिल्वर मेडल, प्रिंस सिंह-1 सिल्वर एवं 1 ब्राउन्स मेडल, अयान हुसैन-1 गोल्ड एवं 1 ब्राउन्स मेडल, अनुराग-1 गोल्ड एवं 1 ब्राउन्स मेडल, नुमान खान-1 गोल्ड एवं 1 सिल्वर मेडल तथा सिफान खान-1 सिल्वर एवं 1 ब्राउन्स मेडल जीत कर अपनी प्रतिभा एवं लगन का परिचय दिया। उक्त अवसर पर पूर्व बाल न्यायाधीश एवं साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि सभी खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के साथ जनपद का भी गौरव बढाया है तथा उन्होंने प्रशंसनीय एवं सराहनीय प्रयत्न किया है। उक्त अवसर पर रोशनलाल उमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य एवं आनन्द मोहन ओझा के साथ अनिल सिंह, मुख्तार खान, विवेक यादव, श्रुतिकीर्ति उपस्थित रहे।

कचहरी परिसर में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

पत्रकारों के घर छापेमारी पर कांग्रेसियों ने किया प्रर्दशन, सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पत्रकारों के घर दिल्ली पुलिस की छापेमारी के विरोध में आज कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया और दिल्ली पुलिस के विरोध में कचहरी परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र सरकार के इशारे पर न्यूज वेबसाइट न्यूजिकल के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ समेत इससे जुडे.पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा छापेमारी की गई है, जो कि निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह कृत्य प्रेस की आजादी पर हमला है। कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। उन्होंने राष्ट्रपति से केन्द्र सरकार के इशारे पर पत्रकारों पर की जा रही उक्त कार्यवाही को बंद किये जाने की मांग की। इस मौके पर महेन्द्र शुक्ल, डा0 नीरज त्रिपाठी, वेदान्त तिवारी, रमजान खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीएमओ ने 40 नर्सिंग होम को भेजा नोटिस

प्रतापगढ़। सीएमओ जीएम शुक्ला ने 40 नर्सिंग होम को नोटिस भेजा है। बता दें कि अवैध नर्सिंग होम व पॉलीक्लिनिक की शिकायत पर सीएमओ ने यह नोटिस जारी है। सीएमओ ने बताया कि फायर, बीएमडब्ल्यू, चिकित्सक व प्रदूषण एनओसी के बिना रजिस्ट्रेशन नहीं होगा और मानक पूरा न होने पर नर्सिंग होम व पॉलिक्लिनिक पर ताला लगेगा।

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाह दिखे तो न होगी खैरः डीएम

समाधान दिवस में एसपी ने भी मातहतों को जमकर किया कर्रा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई की। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में कुल एक सौ छियासी शिकायतों में अफसरों ने सात का निस्तारण कराया। इसमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की पचहत्तर रही। पुलिस की पचास, विकास विभाग की बीस, समाज कल्याण दस, बेसिक शिक्षा पांच व अन्य विभागों की छब्बीस रहीं।

डीएम संजीव रंजन ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए अफसरों को समयबद्ध निस्तारण कराए जाने के कड़े निर्देश दिये। डीएम ने अफसरों से कहा कि जिन विभागों की शिकायतें दोबारा

समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते डीएम व एसपी।

मिलेंगी उनके जिम्मेदार अफसर कार्रवाई की जद में लाये जाएंगे। डीएम ने जमीनी विवाद के निस्तारण को प्राथमिकता देने के भी कड़े निर्देश दिये। अमावां बाजार में पीने के पानी की टंकी खराब होने को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। डीएम ने अधिशाषी अभियंता जलनिगम को तलब कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस की लम्बित शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी कड़ी समीक्षा की। एसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्षों को मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने को कहा। एसपी ने भी मातहतों को कर्रा करते हुए कहा कि समाधान दिवस तथा थाना दिवस की शिकायतों को लापरवाही के चलते लम्बित रखने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। सीडीओ नवनीत सेहरा ने विकास विभाग की शिकायतों को सप्ताह भर के भीतर निस्तारित कराए जाने को कहा। समाधान दिवस का संचालन एसडीएम लालधर सिंह यादव ने किया। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह समेत कई अफसर मौजूद रहे। शनिवार के यहां हुए समाधान दिवस में फरियादियों की अच्छी खासी भीड़ देखी गयी। शिकायतकताओं की लम्बी तादात देखकर डीएम के निर्देश पर दो लाइनें बनवायी गयी।

ओ एम आर शीट पर सम्पन्न हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में हुई परीक्षा

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा देते हुए मॉडल स्कूल के बच्चे।

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। सुरेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023 का आयोजन मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में किया गया। यह परीक्षा पूरे देश में एक साथ संपन्न हुई।

भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रसार कक्षा 5 से कक्षा 12 तक के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। परीक्षा पाठ्यक्रम में भारतीय ऋषियों, मनीषियों,महापुरुषों, देश के शहीदों के प्रेरणादाई जीवन के विभिन्न संदर्भों को समायोजित किया गया है। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म,विज्ञान, धर्म एवं दर्शन से प्रतियोगिता परीक्षा में भी अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ है। बच्चे भारतीय संस्कृति सभ्यता को फैलाने वाले संस्कृति के संवाहक होते हैं। मनुष्य में पशुता के संस्कार न उभरने पाए इसलिए भारतीय संस्कृति ज्ञान एक महत्वपूर्ण दायित्व है। यही हमारी सबसे महत्वपूर्ण धरोहर है। परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में कक्षा 6 7 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अमर जनता इंटरमीडिएट कालेज तथा सी एल पी एकेडमी धीमा पीपर मानधाता में भी परीक्षा संपन्न हुई। यह परीक्षा राजेंद्र प्रसाद पटेल गायत्री प्रज्ञा मंडल कल्याणपुर के निर्देशन में संपन्न हुई। इस मौके पर मोहम्मद फरहीम, ए आर पी कौशल प्रताप सिंह, पितामह यादव, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव, मनोज कुमार, रोशन लाल, नीतू वर्मा आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय का संचालन दलालों के हाथ, वीडियो हुआ वायरल

सरकारी कुर्सी पर बैठकर देखता है ऑफिस के सभी कार्य, मनमानी से फरियादी हो रहे है परेशान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकास खंड परिसर में बने आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय की बागडोर दलालों के हाथो से संचालित हो रही है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते फरियादियों का कोई भी कार्य बिना इनके आदेश के होना नामुमकिन है।

स्थानीय विकास खंड में जनता की सुविधा को लेकर आपूर्ति निरीक्षक का कार्यालय स्थापित किया गया जरूर है, लेकिन यहां की चाभी पर दलालों का पूरी तरह से कब्जा है। समय से ऑफिस आना व समय से वापस जाना इन लोगो की दिनचर्या में है। यही नहीं यह लोग ऑफिस में आकर एक तो आपूर्ति निरीक्षक की कुर्सी पर बैठ जाता है, वहीं अन्य लोग अन्य कार्य को देखने लगते है। मजाल है इन पर कोई उंगली उठा सके।इस पूरे प्रकरण का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यहां जब कोई फरियादी अपनी समस्या को लेकर कार्यालय आता है तो बिना इनसे मिले कार्य का होना नामुमकिन होता है।लोगो की माने तो कार्य तभी होगा जब आप पहले इन्हे खुश करोगे, ऐसा न करने वाले लोग रोज आते-जाते रहे। वहीं लोगो की माने तो साहब कभी मिलते ही नहीं, जब मिले भी तो ऐसा लगता है जो अराजक लोग ऑफिस में रहते है साहब भी उन्ही के अधीन है। इसे मनमानी कहे या फिर दबंगई इन्ही सब की वजह से फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में डीएसओ से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

एमडीपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह का भव्य समापन, अजय क्रांतिकारी हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कालेज मे जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि इस राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह को आयोजित करने का उद्देश्य वन्य जीवन, जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करना और प्रकृति के नजदीक रहकर पर्यावरण के लिए जीवन शैली की अवधारणा को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा इससे विद्यार्थियों में वनस्पतियों के संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति मित्रवत लगाव बढ़ेगा और वे उन्हें संरक्षित व सुरक्षित करने के प्रति सचेष्ट होंगे तथा अन्य लोगों को भी इनकी उपयोगिता समझाकर उन्हें भी जागरूक करेंगे। अजय क्रांतिकारी ने कहा कि वन्य जीव प्रकृति के महत्वपूर्ण पहलू हैं हर किसी भी स्तर पर उनके नुकसान को रोकना होगा। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सुलतानपुर के डॉ संजय कुमार ने संसाधनों का समझदारी से उपयोग करने पर जोर दिया और

अजय क्रांतिकारी को सम्मानित करते प्राचार्य मनोज मिश्र

कहा कि हर त्यौहार वह जन्मदिवस आदि पर हर व्यक्ति एक पौधा लगाए। वनस्पति विज्ञान की प्रो किरण मिश्र ने कहा कि भारत एक जैविक हॉटस्पॉट है। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी की छात्रा अंकिता तिवारी, फोटोग्राफी में भाग्या तिवारी, रंगोली में खुशी मिश्रा की टीम, वाद विवाद में साक्षी गुप्ता, स्लोगन लेखन में सना खान, क्विज में फिजा रहमान और भाषण में सौम्या मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राहुल गांधी पर भाजपा का रावण के रूप में पोस्टर लगाना घटियापनः प्रमोद तिवारी

भाजपा की दूषित मानसिकता को लेकर बोला हमला

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी पर भाजपा द्वारा रावण से तुलना करके रावण के रूप में उनका पोस्टर लगाने को राजनीति का घटियापन करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं इण्डिया गठबंधन के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर देश में भौगौलिक एवं सांस्कृतिक पहचान बनायी है।

उन्होनें कहा कि भाजपा के इस पोस्टर लगाए जाने से राहुल गांधी की प्रतिष्ठा पर कोई आंच नही आने वाली है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी रावण का पोस्टर तैयार कर भाजपा के

प्रेसवार्ता करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

नेताओं का चाल चरित्र एवं दूषित चेहरा भी आम जनता में उजागर हो गया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भाजपा के किसी नेता ने इसका खण्डन नहीं किया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह रोज बोल रहे हैं किन्तु इस प्रकरण पर कुछ भी नही बोलना भाजपा की गालीगलौज और विरोधी नेताओं के प्रति दूषित मानसिकता दर्शा रही है। शनिवार को लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अपने प्रवक्ताओं तथा नेताओं की टीम उतारकर इस ओछी राजनीति को हवा दे रहा है। इसके पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र के अगई मोड़, पूरे बकियन, कैथौला, वीरशाहपुर, घुइसरनाथ धाम में भी लोगों से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास में स्वयं तथा विधायक मोना के प्रति सहयोग मांगा। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, डा. अमिताभ शुक्ल, हगपाल यादव, पप्पू तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, छोटे लाल सरोज, इम्तियाज खां, दयाराम वर्मा, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

खबर संक्षेप

पांच दिन बन्द रहेगा रेल फाटक

कौशाम्बी। रेलवे स्टेशन बम्हरौली एवं मनौरी के मध्य सम्पार संख्या-04 गेट दिनांक 09 अक्टूबर 2023 की प्रातः 7:30 बजे से दिनांक 13 अक्टूबर 2023 तक तकनीकी कार्य किये जाने के कारण सड़क यातायात बन्द रहेंगा। यह जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर, भरवारी ने दी।

बाइक वापस न करने पर मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। मांग कर बाइक ले जाने के बाद वापस न करने पर अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज हो गया है दबंगई के दम पर ग्रामीण से बाइक ले जाने के मामले में मंझनपुर पुलिस से शिकायत भी किया पुलिस ने जब मुकदमा नहीं लिखा तो पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया। जिसके बाद दबंग के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच के आदेश दे दिया। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया जिससे दबंग पपक्ष में हड़कंप मच गया। मामले में शिकायत करते हुए देवी सरन सिंह ने बताया कि उसकी बाइक ग्राम प्रधान ने काम से मांगी थी और अब नही वापस कर रहा है मागने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित का कहना है कि प्रधान दबंग होने के चलते कोई नही सुन रहा है। अब पुलिस ने प्रधान रावेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

तहसील चायल में डीएम एसपी सुनी जनशिकायतें

राजस्व से सम्बन्धित शिकायत, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के दियें निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने पेंशन से सम्बन्धित शिकायतों पर सम्बन्धित अधिकारी को तत्काल आवेदन फार्म भरवाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के तहत प्राप्त कुछ शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से मिलकर गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 84 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता अनीस उल्ला निवासी ग्राम-बरेठी कमालपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा नवीन परती एवं कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता-नरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, उमाकान्त, सुशील कुमार एवं पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से प्रार्थना देकर अवगत कराया कि ग्राम भोजपुर तहसील-चायल में वर्ष 2009-2010 में चकबन्दी करायी गई थी, जिसमें अभी तक कब्जा परिवर्तन नहीं कराया गया है, कब्जा पत्थरगड़ी न होने के कारण ग्रामवासी परेशान हैं, जिसके कारण परस्पर विवाद की स्थिति बनी रहती है, जिस पर जिलाधिकारी ने चकबन्दी अधिकारी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें है। शिकायतकर्ता राम आसरे शुक्ला निवासी ग्राम-मीरापुर गंधोई ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें है।

तड़ित निस्तारण बना मजाक

कौशाम्बी। तहसील सिराथू में कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील मंझनपुर में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी दीपेन्द्र यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

जन शिक्षण संस्थान द्वारा चलाया गया स्वच्छता शपथ एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान

कौशाम्बी। जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता अभियान के तहत प्रशिक्षण केंद्र मूरतगंज एवं आलम चंद केंद्र पर 07 अक्टूबर को संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया जिसमें संस्थान के निदेशक ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्लास्टिक का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दे तथा स्वच्छता के बारे में बहुत विस्तार पूर्वक चर्चा किया और यह भी बताया कि प्लास्टिक के थैले से क्या-क्या हानियां होती है और प्लास्टिक की थैली का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दे कागज का थैला उपयोग करें या कपड़े का थैला थैला का उपयोग करें इस बारे में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने विस्तृत पूर्वक चर्चा की इस कार्यक्रम में संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला अनुदेशिका ममता शिल्पी गुप्ता सविता प्रीति शिखा काजल पूजा सुषमा आदि लोग मौजूद रहे

निर्माणाधीन फायर स्टेशन का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने निमार्णाधीन फायर स्टेशन,मंझनपुर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराने के भी निर्देश दियें।

गाय को बचाने में हाइवे पर पलटा ट्रक, चालक व क्लीनर बचे

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के जायसवाल ढाबा के सामने गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया लेकिन चालक और कलीनर बाल बाल बच गए।ट्रक चालक मनोज कुमार पुत्र भगवान यादव निवासी सुमिहा थाना शाहपुर जिला भोजपुर, बिहार ट्रक में अहमदाबाद से टाइल्स लादकर मुजफ्फरपुर बिहार जा रहा था। शनिवार को सुबह करीब 6 बजे जैसे ही कोखराज थाना के पास स्थित एक होटल के पास पहुंचा की अचानक एक गाय सड़क पर आ गई जिसको बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई।

बृजेश मेमोरियल अस्पताल में मरीजों को देखने के लिए दो दिन मौजूद रहेंगे चिकित्सक



भरवारी कौशाम्बी। हड्डी रोग विशेषज्ञ एवम गरीबों के मसीहा तथा सभी समाज के लोगो के दिलो में राज करने वाले चिकित्सक मयंक केशरवानी दिनाक 8 अक्टूबर रविवार एवम 9 अक्टूबर सोमवार को बृजेश मेमोरियल अस्पताल में मरीजों को देखने के लिए मौजुद रहेंगे उक्त आशय की जानकारी अस्पताल के प्रबन्धक अर्चित केसरवानी ने दी है बता दे उक्त बृजेश मेमोरियल अस्पताल में सभी रोगों से ग्रसित लोगो की बीमारी से निजात दिलाने के लिए देश के विख्यात एवम अनुभवी चिकित्सकों द्वारा ऑन लाइन नाम मात्र सुविधा शुल्क के साथ देखने की व्यवस्था कर रखी है।

विक्रम सिंह सरोज बने सामजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष

टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक मंझनपुर स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को पार्टी जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी की नीतियों पर चर्चा करते हुए समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 5 के सभासद रसूलपुर गिरसा निवासी एडवोकेट विक्रम सिंह सरोज कों समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी कौशांबी का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया जिनका स्वागत पार्टी सदस्यों ने फूल माला पहनाकर किया इस मौक पर पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, जिलामहासचिव गुलाम हुसैन, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सरोज, हेमंत टुन्नू अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव हृदय नारायण मौर्य, राजेश्वर सिंह यादव, नागेश्वर यादव, संतोष पटेल, संजय मौर्य, धर्मवीर भारती, हीरालाल पासी, अमित पासी, सुरजीत पासी, चाँद बाबू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सडक बनी तालाब राहगीरों को आने जाने मे हो रही परेशानी

कौशाम्बी। गड्ढा मुक्त सड़क का भाजपा सरकार का दावा खोखला हो रहा है सड़के दुर्दशा ग्रस्त है बरसात के साथ-साथ नाली का पानी भी सड़कों पर भर रहा है जिससे ग्रामीणों के सामने मुसीबत खड़ी है नवरात्रि दुर्गा पूजा दशहरा रामलीला आदि पर्व शुरू होने वाला है लेकिन फिर भी सड़क को गड्ढा मुक्त और गंदगी को हटाने की व्यवस्था जिम्मेदारों द्वारा नहीं किया जा रहा है बार-बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है। चायल तहसील क्षेत्र के चायल नगर पंचायत वार्ड नं 2 में सड़क पर बरसात और नाली का पानी भर जाने से सड़क तालाब बन गयी है। जिससे राहगीरों को आने जाने में भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं लेकिन जिम्मेदारों ने अभी तक सड़क में भरे पानी को नहीं साफ कराया। सड़क में पानी भर जाने से जहां एक और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है वही गाँव नगर मे बीमारी फैलने की आशंका से नगरवासी दहशत के साए में जी रहे हैं। जलभराव वाली सड़क के दोनों तरफ बने घर के लोगो ने इस समस्या की समाधान को लेकर कई बार चेयरमैन से लेकर आला अधिकारियों तक शिकायत किया लेकिन अभी तक सड़क में भरे पानी को साफ नहीं कराया गया। जिससे लोगो मे खासी नाराजगी है। लोगो ने आला अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुवे जल्द से जल्द सड़क के पानी की सफाई कराये जाने की माँग की है जिससे लोगो को इस समस्या से निजात मिल सके।

नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, अनुसूचित सम्मेलन का होगा विस्तार : धर्मराज मौर्य

संगठनात्मक व कामकाजी बैठक का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। भारतीय जनता पार्टी के जनपद कार्यालय मंझनपुर में संगठनात्मक व कामकाजी बैठक का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आगामी कार्यक्रम नारी शक्ति वंदन सम्मेलन व अनुसूचित सम्मेलन का विशेष कार्यक्रम किया जायेगा। इस विषय पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की है, तदुपरांत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में सकुशल पूर्वक अपने दायित्वों को निर्वहन करने वाले पदाधिकारियों का आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया है इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा मनोज पासी, निवर्तमान अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी, सिराथू चेयरमैन भोला यादव, अझुवा चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा, संजय जायसवाल, ब्रह्म प्रसाद त्रिपाठी, जयसिंह पटेल, आशीष केसरवानी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतापगढ़ के ठेकेदार का कौशाम्बी में रेलवे लाइन पर मिला शव

बलरामपुर के पूर्व सांसद के दामाद पर परिजनों ने लगाया हत्या कर शव फेकने का आरोप

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात रेलवे लाइन पर एक युवक का शव मिला था,रेलवे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुटी हुई है,मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त प्रतापगढ़ जनपद के जेठवारा के रहने वाले शकील पुत्र मोहम्मद याकूब के रूप में हुई है,पुलिस ने इसकी सूचना संबंधित थाना पर दी,थाने की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने उसकी शिनाख्त की और उसकी हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंकने का आरोप लगाया है,परिजनो ने बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जाहिर के दामाद रमीज खान पर रूपयो के लेनदेन को लेकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है,पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के रोही रेलवे ओवरब्रिज के पास शुक्रवार की रात को भरवारी चौकी पुलिस को रेलवे लाइन पर एक शव के मिलने की सूचना दी थी,सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त में जुट गई,शव के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिक्षा प्रतापगढ़ जनपद के जेठवारा के मोहम्मद शकील के रूप में हुई।भरवारी चौकी पुलिस ने जेठवारा थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके बाद परिजन सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शिनाख्त की।वही मृतक और उसके साथ कुछ लोग वही पास में स्थित एक ढाबे में में लगे उउळश कैमरे में दिखाई दे रहे है,परिजन बता रहे है कि युवक कल 3 बजे प्रतापगढ़ से आर्टिगा कार से निकला था,और उसकी कार भी रेलवे ओवरब्रिज के पास ही नीचे किनारे खड़ी हुई मिली है,पुलिस कार को क्रेन से कोखराज थाना ले गई है। वही परिजनों ने रूपयो के लेनदेन को लेकर बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर के दामाद रमीज खान पर हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंके जाने का आरोप लगाया है मामले में पुलिस ने बताया कि रेलवे लाइन पर युवक का शव मिला है,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जांच की जा रही है,सभी पहलुओ को ध्यान में रखते हुए और शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

लाखों का जेवर लेकर महिला के घर से भागा चोर

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम मलाक भारत मजरा चौहान का पूरा में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर घर में घुस कर गांव के ही एक युवक ने घर में रखी संदूक का ताला तोड़कर संदूक में रखे लाखो के जेवरात ले कर भाग गया। भागते वक्त युवक का मोबाइल और चप्पल महिला के घर में छूट गया है। मलाक भारत गांव की रहने वाली उर्मिला देवी पत्नी विजय कुमार चौहान ने चरवा थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की रात करीब 12:30 बजे गांव का रहने वाला नीरज चौहान पुत्र स्व घनश्याम मेरे घर में घुसा था मेरे संदूक का ताला तोड़कर संदूक में रखा जेवरात हाफ पेटी चांदी की छगाल 250 ग्राम सोने की लॉकेट निकाल कर-के जाने लगा तो मेरी आंख खुल गई तो मैं चोर चोर चिल्लाने लगी तो शोर सुनकर मेरी चचिया सास वा मेरी सास मौके पर आ गई नीरज चौहान का मेरे घर में मोबाइल व चप्पल संदूक के पास पड़ा था नीरज चौहान द्वारा मेरे संदूक में रखा कीमती जेवरात लेकर भागते समय मोबाइल व चप्पल छूट गया जो मेरे पास मौजूद है चोरी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

साइबर क्राइम के जरिए लगाई 90 हजार की चपत

टेढ़ीमोड कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा निवासी सुमित कुमार पुत्र गजराज प्रसाद पांडेय ने नोएडा में पेटीएम बैंक में अपना खाता खोल रखा है। उससे आनलाइन लेनदेन के लिए मोबाइल के माध्यम से इंटनेट से कनेक्ट किया हुआ है। उसने बताया की 3 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया बिना छुए ही उसके बाद उसका मोबाइल हैंग होने लगा जिसकी वजह से उसने मोबाइल बंद कर दिया। 4 अक्टूबर को जब पुनः मोबाइल आन किया तो उसके खाते से पैसे कटने के मेसेज मोबाइल पर आने लगे। जिसमें तीन बार में क्रमशः पांच हजार, बीस हजार और पैंसठ हजार करके कुल नब्बे हजार कट गए। आए मेसेज में यह पैसे अजय शर्मा, संजीव इंटरप्राइजेज और जे के इंटरप्राइजेज के खाते में ट्रांसफर हुए है। पीड़ित युवक ने शनिवार को साइबर क्राइम थाना मंझनपुर और कोखराज पुलिस को अवगत कराते हुए अपने साथ हुए फ्राड की लिखित शिकायत कर जांच किए जाने की मांग की है।

8 महीने बीते शौचालय का निर्माण पूर्ण नहीं कर सके ठेकेदार

हर्रायपुर कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी में 4 जनवरी 2023 को वार्ड नंबर 18 मोतीलाल आजाद नगर कशिया पूर्व में उच्चतर प्राथमिक विद्यालय के सामने दुर्गा पंडाल के बगल में दो पुरुष शौचालय 3 महिला शौचालय 3 यूरिनल 1 बॉस हैंड वेसिंग वा समरसेबल लगाए जाने का निर्देश नगर पालिका ने 4 जनवरी 2023 को आराध्या इंटरप्राइजेज नया बाजार भरवारी को दिया था कार्य की लागत 9 लाख 15 हजार रुपए से अधिक थी और कार्य को 1 महीने के अंदर पूर्ण करना का लेकिन समय 9 महीने से अधिक बीत गया अभी कार्य शुरू नहीं हो सका है जिस पर नगर पालिका ने 27 सितम्बर को पुनः पत्र भेज कर कार्य शुरू कराए जाने का निर्देश दिया है लेकिन उसके बाद भी कार्य नहीं शुरू हो सका ठेकेदार मनमानी पर उतारू है जिससे शौचालय आदि का निर्माण नहीं हो सका है सूत्रों की माने तो बिना कार्य शुरू किए ठेकेदार को सरकारी खजाने से पूर्व में रकम भी अवमुक्त कर दी गई है ठेकेदार के मनमानी और तानाशाही के बाद नगर पालिका भरवारी ठेकेदार का ठेका निरस्त कर अब वसूली के प्रयास में है।

दबंगो ने मां बेटे को बेरहमी से पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतगहां में मामूली विवाद के चलते दबंगो ने दलित महिला और उसके बेटे को लात घूसों से जामकर पीट दिया। जिससे मां बेटे के को चोट आई है। महिला ने इसकी शिकायत थाना चरवा में की सूचना दी गयी है जानकारी के मुताबिक ग्राम रतगहां की रहने वाली उर्मिला देवी पत्नी राम चंद पासी ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि शनिवार को समय करीब ग्यारह बजे जब उर्मिला देवी का लड़का अपनी साइकिल से जा रहा था तब गांव ही दबंग किस्म के लोगो द्वारा अपनी मोटरसाइकिल से उर्मिला देवी के लड़के की साइकिल को लड़ा कर मारने पीटने लगे। इसको लेकर उर्मिला देवी ने गांव के ही शिवसागर, संजय यादव और सिद्धार्थ यादव पुत्रगण स्व फूलचंद का विरोध किया तो उसे भी भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए लात घूसों में मारे पीटे और उसके लडके को भी जामकर पीट दिया जिसकी लिखित शिकायत उर्मिला देवी ने चरवा थाने में दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जलालपुर शाना में बन रहे मॉडल शॉप के निर्माण में धांधली ही धांधली

अखंड भारत संदेश

मानक विहीन सामान से बनाए जा रहे मॉडल शॉप के निर्माण की धांधली से बेखबर है अफसर



चायल कौशाम्बी। चायल विकास खंड के जलालपुर शाना ग्राम सभा में बनाए जा रहे मॉडल शॉप के निर्माण में चारों तरफ धांधली ही धांधली दिखाई पड़ रही है लेकिन उसके बाद भी अफसर मॉडल शॉप निर्माण की धांधली से बेखबर है ग्राम प्रधान द्वारा मॉडल शॉप के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर शासन के बिपरीत निर्माण कराया जा रहा है तीसरे दर्जे की बेहद घटिया क्वालिटी की ईंट का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है सीमेंट बालू के मिश्रण में भी मानक के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है केवल ढांचा खड़ा करके सरकारी खजाने को खाली करने की योजना ग्राम प्रधान ने बनाई है मानक विहीन हो रहे निर्माण कार्य में पंचायत सचिव से लेकर के विकासखंड के अफसर तक मूकदर्शक बने हैं मॉनिटरिंग करने वाले अफसर हिस्सेदारी बताए जाते हैं मॉडल शॉप निर्माण के बहाने ग्राम प्रधान सरकारी खजाने को खाली करने में लगा है और मॉनिटरिंग करने वाले अफसरो ने धांधली की मूक सहमति दे दी है लोगों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकर्षित करते हुए गांव में बनाए जा रहे मॉडल शॉप के निर्माण की धांधली की जांच कराए जाने निर्माण में धांधली करने वाले ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराए जाने गिरफ्तारी कराए जाने और मॉडल शॉप के निर्माण में की गई धांधली के रकम की रिकवरी कराए जाने की मांग की है।

पड़ोसी जनपद में तैनाती पाने में फिर सफल हुए एक कोतवाल

कौशांबी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चुनाव को देखते हुए 3 वर्षों से अधिक समय से एक स्थान में तैनात पुलिस विभाग के कोतवाल के स्थानांतरण की लिस्ट जारी की गई है कौशांबी जनपद के चरवा थाने में तैनात कोतवाल विनोद कुमार सिंह मूल रूप से रायबरेली जनपद के रहने वाले हैं पुलिस महकमें के द्वारा जारी की गई स्थानांतरण लिस्ट में कोतवाल विनोद कुमार सिंह गृह जनपद रायबरेली को फतेहपुर जनपद में स्थानांतरित किए जाने का आदेश दिया गया है जबकि रायबरेली जनपद फतेहपुर जनपद का पड़ोसी जनपद है और पड़ोसी जनपद में पुलिस कर्मियों की तैनाती पर डीजीपी कार्यालय ने रोक लगाई है लेकिन उसके बाद कैसे विनोद कुमार सिंह का स्थानांतरण उनके गृह जनपद रायबरेली के पड़ोसी जनपद फतेहपुर में हो गया है इस आदेश के बाद एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

योगी सरकार का आदेश नहीं मानता सूचना कार्यालय

प्राइवेट कर्मियों से भरा सूचना कार्यालय पूरे दिन होती है वसूली, सूचना अधिकारी की नहीं हुई तैनाती सहायक सूचना अधिकारी के जिम्मे चल रहा है कौशांबी कार्यालय

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश कौशांबी जिले के कलेक्ट्रेट स्थित सूचना अधिकारी के कार्यालय में लागू होता नहीं दिख रहा है सूचना अधिकारी के कार्यालय में प्राइवेट कर्मियों और दूसरे कार्यालय के लोगों की भरमार है योगी सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी कर कहा है कि सरकारी कार्यालय में प्राइवेट कर्मियों से कार्य नहीं कराया जाए सरकार ने अपने आदेश में स्पष्ट लिखा कि प्राइवेट कर्मी गलत तरीके से कार्य करते हैं लोगों का उत्पीड़न करते हैं और प्राइवेट लोगो को तत्काल हटाया जाए लेकिन योगी सरकार के निर्देश के बाद भी सहायक सूचना अधिकारी बाहरी लोगों को सूचना अधिकारी कार्यालय से हटा नहीं सके हैं इस बात का प्रमाण कलेक्ट्रेट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कर सकती है आखिर प्राइवेट कर्मियों से सहायक सूचना अधिकारी का क्या रिश्ता है क्यों बाहरी आदमियों को सूचना अधिकारी बढ़ावा दे रहे हैं सरकार के निर्देश की धज्जियां उड़ाने वाले सहायक सूचना अधिकारी पर जिलाधिकारी आखिर क्यों कार्यवाही नहीं कर रहे हैं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं लेकिन मनमानी तरीके से सूचना अधिकारी कार्यालय का संचालन करने वाले सहायक सूचना अधिकारी के कार्यों को अभी तक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है जिससे पत्रकारों में आक्रोश ब्याप्त है पत्रकार संगठनों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए मनमानी तरीके से सूचना अधिकारी कार्यालय का संचालन करने वाले सहायक सूचना अधिकारी रवि जायसवाल के कारनामे को संज्ञान लेते हुए सरकार के नियमों की अनदेखी कर बाहरी लोगों को बढ़ावा देने के मामले में सहायक सूचना अधिकारी रवि जायसवाल को निलंबित किए जाने की मांग की है।

सपा मानसिकता के कर्मचारी तकनीकी सहायक लगा रहा है योगी सरकार की जीरों टॉरलेंस को पलीता

कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के तकनीकी सहायक विकास खंड कड़ा में लगभग 12 वर्षो से कार्यरत है। तकनीकी सहायक योगेंद्र यादव का कुछ दिनों पहले विकास खंड मंझनपुर में तैनाती हुई थी मात्र 1 माह विकास खंड मंझनपुर में तैनात था किंतु सिस्टम के आगे जिले के अधिकारियों को इसको पुनः कड़ा ब्लाक भेजना पड़ा आखिर क्या वजह है। इस तकनीकी सहायक की इस विकास खंड से मोह नहीं भंग हो रहा है। और क्यों अन्य ब्लाक में नही जाना चाहता है जबकि योगी सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि 3 साल से जमे कर्मचारी अधिकारियों का स्थान परिवर्तन होना है। किंतु अधिकारियों ने कागजी कोरम पूरा करके इसको पुनः विकास खंड कड़ा ही भेज दिया सूत्रों से पता चला है। की मनरेगा योजना में बिना काम के ही यह मोटी रकम लेकर एमबी करता है। और अपनी जेब भरकर घर जाता है। लोगो ने इस ओर उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य का ध्यान आकृष्ट कराया है यह तकनीकी सहायक विकास खंड कड़ा से कब हटेगा या फिर योगी सरकार की छवि धूमिल करने में कोई कोर कसर यह नहीं छोड़ेगा यह गंभीर जांच का विषय है।

संपादक की कलम से

भाजपा के दक्षिण भारत में बनत-बिगड़ते रिश्ते क्या कहते है ?

हाल ही में भाजपा का कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) से गठबंधन हुआ और तमिलनाडु में एआईएडीएमके से नाता टूट गया। ये सब इतनी जल्दी में हुआ कि इस पर किसी को सोचने झ संभलने का मौका भी नहीं मिला । लेकिन इन सबके बीच एक सवाल सत्ता के गलियारे में तैर रहा है कि क्या तमिलनाडु में एआईएडीएमके से संबंध टूटने से केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को कोई खास फर्क पड़ेगा।इस सवाल की वजह ये है कि 2019 में जब औपचारिक गठबंधन हुआ उससे पहले से एआईएडीएमके का भाजपा के प्रति सहयोगात्मक रवैया जगजाहिर रहा है। खासकर राज्यसभा में, जहां कुछ दिन पहले तक भाजपा का बहुमत नहीं था और बहुत जरूरी विधेयकों को पास करने में उसे सहयोग की जरूरत थी। लेकिन तमिलनाडु में गठबंधन को खटाई में डालने का काम किसी और ने नहीं बल्कि खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने किया। वो न केवल एआईएडीएमके के नेतृत्व के आलोचक थे बल्कि उन्होंने सीएन अन्नादुरै के आइकन को निशाना बनाने का एक भी मौका नहीं छोड़ा।

अन्नादुरै को द्रविड़ पार्टियों का जनक माना जाता है। एआईएडीएमके के कार्यकताओं के मन में दोनों के प्रति सम्मान है और व्यावहारिक रूप से वे दोनों को पूजते हैं। राजनीतिक गलियारे में इस बात पर चर्चा तेज हो गई है कि बिना ताकतवर केंद्रीय नेतृत्व के इशारे के, क्या गठबंधन में जूनियर पार्टनर का नेता, तमिलनाडु जैसे राज्य में ऐसे आइकन का मजाक उड़ाने की हिम्मत जुटा सकता है।दिलचस्प बात ये है कि एनडीए गठबंधन से अलग होने की घोषणा, बेजीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एआईएडीएमके नेताओं की मीटिंग के बाद की गई। वैसे कुछ राजनीतिक विश्लेषक बताते है कि ये गठबंधन टूटा नहीं है। ये एक रणनीतिक चाल है। ये उसी तरह है जैसे असदुद्दीन ओवैसी उत्तर प्रदेश में जाते हैं और मुस्लिम वोट विभाजित होता है। ये ऐसा नहीं है जैसे उद्धव ठाकरे अलग हुए हों। वे नड्डा से मिलने दिल्ली गए थे। पृष्ठभूमि बिल्कुल स्पष्ट है। अन्नामलाई तो सिर्फ बहाना हैं। लेकिन कर्नाटक में भाजपा जेडीएस के साथ गठबंधन करके अपनी 1998 और 1999 की रणनीति को ही दुहरा रही है। जेडीएस के मुखिया पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा हैं और उनके बेटे एचडी कुमारस्वामी कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।25 साल पहले भाजपा ने रामकृष्ण हेगड़े की लोक शक्ति पार्टी के साथ गठबंधन किया था और कर्नाटक से लोकसभा में असरदार एंट्री की। सबसे अहम बात है कि कर्नाटक के चुनावी इतिहास में इन दो चुनावों को, एक जन नेता वाली स्थानीय पार्टी के वोटों का एक राष्ट्रीय पार्टी को चले जाने का एक बेहतरीन उदाहरण माना जाता है।

इन दो चुनावों में हेगड़े ने अपने लिंगायत वोट आधार को भाजपा के हवाले कर दिया। ये दोनों दफ़े हुआ, जब वो लोक शक्ति पार्टी के नेता रहे और फिर जनता दल (यू) के नेता बने।कर्नाटक के दक्षिणी ज़िलों, जैसे कोलार, टुमाकुरु, चिक्काबालापुर, मांड्या, बेंगलुरु रूरल, चामराजनगर और हासन में भाजपा अपने पुराने प्रदर्शन को दुहराना चाहती है। इन इलाकों में वोक्कालिगा बहुसंख्यक हैं और ये जेडीएस का आधार क्षेत्र है।

वैसे उस गठबंधन का असर 2004 के विधानसभा चुनावों के परिणाम में दिखा। इस बार भाजपा ने तय किया है कि वो 24 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी, यानी 2019 में जितनी सीटें जीती थीं उससे एक कम। ये बताता है कि 2023 के हालात 2019 से अलग हैं। तमिलनाडु के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई और एआईएडीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी के बीच खींचतान की बड़ी वजह उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बताई जाती है क्योंकि दोनों ही पश्चिमी तमिलनाडु में दबदबा रखने वाले गौंडर समुदाय से आते हैं। राजनीतिक विश्लेषक तो यह भी कहते है कि अन्नामलाई केंद्रीय नेतृत्व के चहेते इसलिए बने हुए हैं क्योंकि राज्य में उन्होंने भाजपा को चर्चा में ला दिया है। अगर दो पार्टियां आपस में वोट बांटती हैं तो डीएमके को फायदा होगा। फिलहाल ये होता नहीं दिख रहा है। भाजपा के लिए तो यही बहुत है कि उसका वोटिंग प्रतिशत थोड़ा बढ़ जाए। लेकिन एआईएडीएमके और पलानीस्वामी के लिए तो सीटें जीतना जरूरी हैं, वरना उनके नेतृत्व को खतरा पैदा हो जाएगा। जानकर लोग इस नजरिए से सहमत हैं कि चुनाव के बाद, केंद्र में भाजपा को एआईएडीएमके की ओर से हमेशा की तरह समर्थन मिल सकता है। लेकिन आंध्र प्रदेश के जगन मोहन रेड्डी से उलट, पलानीस्वामी बिल्कुल अलग हैं। रेड्डी आंध्र प्रदेश में मुख्य खिलाड़ी हैं। लेकिन पलानीस्वामी के साथ तमिलनाडु में ऐसा नहीं है।एआईएडीएमके को अपनी वोट हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए गठबंधन की जरूरत है। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में पलानीस्वामी ने एआईएडीएमके नीत गठबंधन की अच्छी तरह से अगुवाई की थी। गठबंधन ने जो 75 सीटें हासिल की थीं उनमें एआईएडीएमके के हिस्से 66 सीटें आई थीं।बताया जाता है कि उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में हार की भरपाई की, जब डीएमके ने राज्य की 39 लोकसभा सीटों में 38 सीटें हासिल की थीं। तबसे न तो कोई नेता और ना ही कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कर गया। असल में, जब गठबंधन टूटने की घोषणा हुई तो एआईएडीएमके के कार्यकताओं ने खुशी मनाई।कार्यकताओं का मानना है कि अन्नामलाई एआईएडीएमके की क़ीमत पर आगे बढ़ रहे हैं।

हालांकि कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन को लेकर भाजपा प्रदेश यूनिट का रवैया अलग रहा है।

ईरानी जेल में रहते नोबेल जीती मानवाधिकार योद्धा नरगिस.ईरानी

नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस सफी-मोहम्मदी ने साबित कर दिया कि आत्मा अजर है। दो दशकों से वे तेहरान जेल में हैं। उस पर 150 कोड़े भी पड़े थे। तन्हा कोठरी की यातना के अलावा। अपने दोनों जुड़वा बच्चों को इस मां ने आठ बरसों से देखा नहीं। पिता के साथ पेरिस में शरणार्थी हैं। नरगिस की खमभरी उलझी लटें, लालित्यपूर्ण चेहरा, गंभीर, गहरी झील सी आंखें उसकी निडरता का प्रतीक हैं। वर्ना बलात्कार, हत्या, शारीरिक यंत्रणा के लिए बदनाम ईरानी कैदखानें में तो अभौतिक अंश भी बिखर जाता है। अंगों के साथ। नरगिस का सत्ता से विरोध क्यों है ? उसकी मांग थी कि इस्लामी हुकूमत में स्त्रीसुलभ गरिमा और मयार्दा से वंचित न किया जाए। हिजाब न थोपा जाए, न बुर्का भी। महसी अमीना की हत्या (16 सितंबर 2022) पर नरगिस ने जेल के पीछे रहकर आंदोलन चलाया था। ईरानी नारी की मांग रही : ह्लजिंदगी-आजादी।ह्व नरगिस का संघर्ष इन्हीं की दास्तां है। वैचारिक प्रतिबद्धता भी। नरगिस आजकल राज्य-विरोधी अवमानना के आरोप में कैद हैं। पति मोहम्मदी और उनका परिवार तकरीबन ईरानी क्रांति के दौर से ही राजनीतिक प्रदर्शनों में शामिल होता रहा है। ईरान में राजतंत्र 1979 के अंत में खत्म हुआ। उसके साथ ही ईरान इस्लामिक गणतंत्र बना। नरगिस ने इसी साल ह्लन्यूयॉर्क टाइम्सह्व को बताया था कि उनके बचपन की दो यादों ने उन्हें एक्टिविज्म के रास्ते की ओर मोड़ दिया। इसमें उनकी मां का उनके भाई को देखने के लिए जेल का दौरा। इसके साथ ही फांसी पर प्रतिदिन कैदियों के चढ़ाने की घोषणाएं सुनने के लिए उनका घड़ी देखना। नरगिस तब न्यूक्लियर फिजिक्स की पढ़ाई कर रहीं थीं। काजिवन शहर में उसके भावी साथी ताघी रहमानी से मुलाकात हुई। वे भी खुद राजनीतिक तौर पर सक्रिय हैं। ईरान में उन्हें भी 14 साल की जेल हुई थी। वह फ्रांस में अपने दो बच्चों के साथ निर्वासित जीवन जी रहे हैं।

नरगिस अपनी साहसी युवतियों की श्लाघा करती हैं। इन जुझारू लड़कियों और महिलाओं ने स्वतंत्रता और समानता के लिए अपनी बहादुरी से पूरी दुनिया को आकर्षित कर लिया। नरगिस हमेशा कहती हैं : ह्लजीत आसान नहीं है, लेकिन यह निश्चित तो है। अपनी किशोरावस्था में नरगिस ईरानी महिलाओं के अधिकारों, मृत्युदंड के खात्मे और राजनीतिक कैदियों को कड़ी सजाओं के खिलाफ अखबारों में लिखती रहीं। पति के तेहरान स्थित कार्यस्थल से ही वह लाइव वीडियो प्रसारण करती थीं। इंजीनियर थीं। वह दो दशकों से ईरान में सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स में शामिल थीं, जो मृत्युदंड को खत्म करने के लिए ईरानी वकील शिरीन इबदी द्वारा स्थापित किया गया था। इबदी को 2003 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। नरगिस को पहली बार 2011 में गिरफ्तार किया गया। ह्लद न्यूयॉर्क टाइम्सह्व की रपट के मुताबिकः ह्लन्यायपालिका नरगिस को पांच बार सजा दे चुकी है। इस साल उनके खिलाफ तीन और न्यायिक मामले खोले गए जो अतिरिक्त सजा का कारण बन सकते हैं।ह्व

नरगिस जेल में भी दूसरे कैदियों के साथ प्रदर्शन आयोजित करती रहीं। उनकी किताब ह्यह्वाइट टार्चरह्व 2002 उस समय प्रकाशित हुई जब दिल की सर्जरी के बाद कुछ दिनों के लिए घर पर थीं। नरगिस की व्यथाकथा पढ़कर, सुनकर यकीन हो जाता है कि इस्लामी ईरान आज भी सोलहवीं सदी में जी रहा है। तब सफाविद बादशाह तहमास्प ने मुगल भगोड़े मिर्जा मुहम्मद नसीरूद्दीन हुमायूं को तेहरान में पनाह दी थी। सम्राट शेरशाह सूरी से चौसा और कन्नौज में हारकर हुमायूं ईरान आया था। शिया बन गया था। फिर दिल्ली का राज पा लिया। ईरान में इन पांच सदियों में स्त्री जीवन में कोई प्रगतिवादी बदलाव नहीं आया। शरीयत कानून के तले महिलाएं जीती रहीं। नरगिस को यही शिकायत रही। उसके संघर्ष का यही आधार है। नरगिस जब कोड़ों की मार सह रही थी तो उसी समय इस्लाम की जन्मस्थली सऊदी अरब में कोड़ों की सजा पर रोक लगा दी गई थी। कोड़े मारने की सजा को जेल या जुमार्ने में बदला गया है।

इस निर्देश को शाह सलमान और उनके बेटे क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की ओर से मानवाधिकार सुधारों को विस्तार देने के लिए उठाया गया था।

तेहरान की नारकीय कारागार (जेंडिन-ए-एविन), जहां नरगिस कैद हैं, का भी इतिहास है। भारत के पांच केंद्रीय जेलों में तेरह माह (1976-77) बिताने के कारण मेरी विविध कैदखानों से दिलचस्पी स्वाभाविक है। तेहरान में इस इविन जेल में कई श्रमजीवी पत्रकारों ने दम तोड़ा। पहलवी बादशाह रजा शाह के दौरान गुप्तचर संस्था सावाक के कई शिकार हुए। मगर खुमैनी शासन में तो अखबारनवीसों को बेरहमी से मारा गया। नरगिस तो जीवित शहीद हैं। इस जेल में 15,000 कैदी हैं। सौ के करीब लोगों को तन्हा कोठरी में बंद किया गया है। ज्यादातर लोग मीडियाकर्मी और जनांदोलनकारी हैं। मसलन एक स्कूल अध्यापिका थी मरीना नेमत उसे यातना देकर मुल्लों ने मार डाला। कनाडा की फोटो-पत्रकार थी जाहरा काजमी जिसने जेल में यातना की चित्र खींची थी। उसे तड़पा कर मारा। संगीतकार हांगी ताबकीली को तन्हा कोठरी में मानसिक पीड़ा दी। मर गयी। अमेरिका से ईशा मोंटेनी ईरान में नारी अधिकार की अध्ययन करने आई थीं। उसे (11 नवंबर 2008) को राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर कैद रखा। अमरीकी-ईरानी पत्रकार रुक्साना सबेरी को जासूसी में पकड़ा। कनाडियन पत्रकार माजीर बहारी को ईरान-विरोधी किताब लिखने पर सजा दी। ईरान के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार (3 अगस्त 2009) महमूद अहमद निजाद ने तो कहा था : ह्लजेल में बलात्कार हुए हैं पर शत्रु ही उसका दोषी है।ह्व उस वक्त विपक्ष के प्रत्याशी मेहंदी करौबी ने आरोप लगाया था कि ह्लजांचकर्ता पुलिसवाले बलात्कार को तहकीकात का सरल तरीका बनाते हैं।ह्व तो ऐसी जेल व्यवस्था में नरगिस की आंखों के नूर की हिफाजत केवल खुदा ही कर सकता है। इन हैवानों से।

राज्यों में चुनाव बनाम मुफ़्त की घोषणाओं की बारिश

गोंदिया -

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्रभारत में लगभग प्रतिवर्ष चुनावी पर्व होता ही रहता है।परंतु पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि राज्य स्तरपर किसी राज्यमें विधानसभा चुनाव की संभावना का पता उस राज्य की जनता को ही नहीं पूरे विश्व को चल जाता है कि इस राज्य में चुनावी मौसम की घटनाएं घट रही है। वह ऐसे कि कुछ अवधि पूर्ण से ही राजनेता अपनी-अपनी बिसात बिछाना शुरू कर देते हैं। तबतोब दौरे, जन भागीदारी को महत्व, जनसंपर्क, जनता की गतिविधियों में शामिल होना शुरू कर देते हैं क्योंकि इसका दूरगामी परिणाम चुनाव में देखने को मिल जाता है। परंतु अभी हम देख रहे हैं कि एक नई प्रथा शुरू हो गई है, मुफ्त की घोषणाएं! जिसमें इतने यूनिट बिजली फ्री, गैस सिलेंडर लैपटॉप वाईफाई इंटरनेट कोविड से लेकर अभी तक राशन फ्री इत्यादि अनेक प्रकार कीमुफ़्त घोषणाओं का परचम लहराया जाता है। आज अगर वह पार्टी सिलेंडर 600 में देने की घोषणा कर दी है तो यह पार्टी 500 में देने की घोषणा कर रही है। वह महिलाओं को इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रहे हैं तो यह इतने हजार फ्री देने की घोषणा कर रही है,ऐसे में जनता जनार्दन को चुनावी पर्व में आनंद आना स्वाभाविक बात भी है। इसके अतिरिक्त चुनाव से एक दिन पहले भी रात को प्रसिद्ध पुरानी कहावत कत्ल की रात आई यह भी बोलते हैं, क्योंकि उस रात जनता पर हरों की बारिश भी होती है। यह मैंने स्वयं ने भी अपने पड़ोस में अपनी आंखों से देखा है किस तरह कार्यकर्ता थैली में लेकर आते हैं और जितने घर के मेंबर उतने हरे देकर जाते हैं!? खैर यह तो अंदर की बात है,परंतु यह मुफ्त की घोषणाएं वर्तमान में ही नहीं इसकी प्रथा 1954 से देखने को मिल रही है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे।चूंकि अभी दो राज्यों में चुनाव आयोग ने सर्वे कर लिया है,तारीखें घोषित करने के लिए उच्च स्तरीय सभा हो गई है उम्मीद है बहुत जल्द तारीखें घोषित हो जाएगी।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में 70 वर्षों से जारी चुनावी फ्री स्कीम्स को बंद करने का स्थाई समाधान ढूंढना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम सीईओ के विचारों और पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की करें तो, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ने गुरुवार को कहा था कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। चुनाव में धनबल, मुफ्त की रेवड़ियों आयोग के रडार पर होंगी। देश के पांच राज्यों में अगले महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तारीख का एलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन कहा जा रहा है कि इसको लेकर अहम जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि नवंबर के दूसरे हफ्ते और दिसंबर के पहले हफ्ते के बीच पांच राज्यों में चुनाव कराए जा सकते हैं। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वो राज्य हैं- राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम।विधानसभा चुनाव की तारीखों को लेकर दिल्ली में पर्यवेक्षकों की अहम बैठक हो गई है। इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा दोनों चुनाव आयुक्त भी शामिल थे। साथ हीजनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर और सिक्योरिटी ऑब्जर्वर भी मौजूद थे। अगले हफ्ते चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। मीडिया में एक रिपोर्ट केमुताबिक राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक चरण में चुनाव हो सकते हैं। पिछली बार भी इन राज्यों में एक ही चरण में मतदान हुआ था। वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव कराए जाने की संभावना है। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है। वहीं, तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म होगा।

साथियों बात अगर हम दो राज्यों में मुफ्त घोषणाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करने और नोटिस जारी होने की करें तो, मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों की तरफ से चुनाव से पहले की जा रही घोषणाओं के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यसरकारों केंद्र और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। मुफ्त की घोषणाओं पर पहले से लंबित याचिका के साथ इस मामले को भी जोड़ा गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनावी लाभ के लिए बनाई जा रही योजनाओं से आखिरकार आम लोगों पर ही बोझ पड़ता है राजस्थान और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले लोगों के लिए ऐसी योजनाओं का ऐलान किया जा रहा है, जिसमें उन्हें कैश दिया जाएगा। इसे फ्रीबीज भी कहा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस ने कहा कि चुनाव से पहले सभी तरह के वादे किए जाते हैं। इसपर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यहां सिर्फ वादों की बात नहीं हो रही है, इसकी वजह से नेट वर्थ निगेटिव हो रहा है। नेता जिला जेल को बेचने तक की हद तक चले गए हैं। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह भी कहा कि इस मामले को भी मुफ्त के वादों पर पहले से लंबित याचिका के साथ सुना जाएगा। राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव जीतने के लिए की जाने वाली मुफ्त की घोषणाओं के खिलाफ वकील अश्विनीउपाध्याय की याचिका पहले से लंबित है।

नई याचिका मध्य प्रदेश के रहने वाले ने

चुनावी शंखनाद में जातिगत राजनीति ओर संजय की गिरफ्तारी के मायने

डाक्टर तेजसिंह किराड़
(वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक , नागपुर से)

इसे आप पार्टी का दुर्भाग्य कहे या संजयसिंह का बड़बोलापन। आखिर वही हुआ जैसा सत्ता में रहते ओर सत्ता के बाहर अक्सर होता रहा है। संजयसिंह शराब घोटाले के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं जो इस घटना की कड़ी के अहम किरदार है। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया हाल फिलहाल जेल में बंद हैं।ईडी के रेडार पर संजयसिंह विगत आठ माह से चल रहें थे। मनीष सिसोदिया जब से जेल गये तभी संजयसिंह कि जेल यात्रा की पटकथा पर भीतर ही भीतर कार्य आरंभ हो चुका था। लेखक ने पूर्व में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि लोकसभा चुनाव होने तक कई बड़े बड़े नेताओं पर ईडी की गाज गिरेगी ओर ये सभी नेताओं को किसी ना किसी घोटाले के कारण जेल यात्रा भी करना पड़ सकती है।यह आशंका आज सत्य साबित हुई ओर अब संजयसिंह के बाद महत्वपूर्ण किरदार सीएम केजरीवाल के ऊपर भी रेडार का खौफ रात दिन सताएं जा रहा है। सच तो यह है कि इस शराब घोटाले की सम्पूर्ण पटकथा लेखन में केजरीवाल वो अहम गवाह साबित हो सकतें हैं। जिन्हें शराब घोटाले की सारी राम कहानी बेहतर तरीके से मालूम है। आज चारों तरफ यही चर्चा जोरों पर है कि- मनीष संजय अंदर तो अब अगला किसका नम्बर । यही दर्द ओर बेवफाई अब इंडिया महागठबंधन के सहयोगी दलों की ओर से भी साफ दिखाई देने लगी है। आज संजयसिंह जेल क्या चलें गये सभी भाजपा विपक्षी सहयोगियों के मुंह पर ताला ही जड़ गया है। एक समय था जब केजरीवाल पार्टी को हर कोई सबसे बड़ा समर्थक, बेदाग ओर तेजी से आगे बढ़ने वाली पार्टी मानकर सुख दुःख का साथी मान रहे थे। किन्तु आज संजयसिंह के गिरफ्तार होते ही सभी मायूस होकर कोई भी प्रतिक्रिया करने से साफ बचते दिखाई दे रहें हैं।इसका प्रमुख कारण है लोकसभा- विधानसभाओं के आगामी चुनाव। ऐसे में इंडिया गठबंधन के दलों में सीटों के बंटवारे को लेकर होने वाला अंतर्कलह माना जा रहा है। जो अब मनीष सिसोदिया ,संजयसिंह के जाने के बाद केजरीवाल के कमजोर पड़ने के नतीजे के रूप में देखा ओर समझा जा रहा है। इंडिया गठबंधन पर मनीष व संजयसिंह शराब घोटाले कांड की लपटे इतनी गंभीर पड़ रही है कि आम आदमी पार्टी को अपनों से ज्यादा सहयोगियों से भी हाथ धोना पड़ रहा है। कुमार विश्वास पहले ही कविता में कह चुके हैं कि, दूसरों की मेहनत ओर कमाई पर मिली आजादी ओर सत्ता कभी भी स्थिर नहीं होती ,ये स्वार्थ की राजनीति है मेरे दोस्त,जहां परिवार से बढ़कर कोई भी व्यक्ति की कीमत नहीं होती। केजरीवाल ने दिल्ली की सत्ता अन्ना हजारे को दरकिनार कर हासिल की है।आज अन्ना हजारे अपने वसूलों पर कायम है। परन्तु केजरीवाल ने सभी सत्ता के लिए सभी सिध्दांतों, दोस्तों ओर दलगत वसूलों को भी तिलांजलि दे दी है। हश्र आज सबके सामने है कि केजरीवाल का कुनबा एक एक करके जेल की सलाखों के पीछे चले जा रहें हैं।

उधर बिहार में सीएम नीतीश कुमार को जाति में राजनीति दिखाई दे रही है। इसलिए आरजेडी , जेआरडी ओर सहयोगी दलों ने भी जीत के लिए जाति जनगणना को ही सबसे बड़ा हथियार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

है। लालू खानदान को भले ही जमानत पर जमानत मिलतीं जा रही है किन्तु नीतीश बेहतर समझते हैं कि लोकसभा चुनाव तक लालू खानदान से भी ईडी की धरपकड़ होते ही बिहार में आपसी टकराव बढ़ने के साथ साथ सीटों की लड़ाई भी चरम पर पहुंच जाएगी।

परिणाम आरजेडी ओर जेआरडी में भी तलवारें खींचना भी तय है। संभवतः दोनों दलों से कई विधायक ओर सांसद भी पीछे के दरवाजें से भाजपा का हाथ थाम सकते हैं।

जाति राजनीति से गमार्ती अवाम ओर अपनों का दर्द

बिहार को सीएम नीतीश ने जातिगत समीकरण के रंग में रंग कर पूरे देश में एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। भाजपा विरोधी दलों की राज्य सरकारों के पास जमीनी हार की कमजोरियां साफ नजर आने पर जाति जनगणना को ही अपनी जीत का मंत्र समझ रहे हैं। परन्तु वे यह समझने को तैयार ही नहीं है कि जाति जनगणना से एक जाति के हक ओर अधिकार पर दूसरी जातियों द्वारा चुनावी सीटों का बंटवारा कम या ज्यादा होने पर पार्टी में आंतरिक कलह कितना गंभीर मोड़ ले सकता है।यह बात ना तो नीतीश समझ पा रहे हैं और ना ही कांग्रेस के तमाम आलाकमान दिग्गज नेता ही समझ रहे हैं। बिहार में चुनावी माहौल अब जातिगत मुद्दों में उलझ कर रह गया है। भाजपा को उम्मीद है कि आपसी लड़ाई से बिहार आम जनता राहुल गांधी को गुमराह करने वाले ओर कोई नहीं है उनके अपने ही पार्टी के नेता ओर सहयोगी दलों के नेताओं का हुजूम है जो राहुल गांधी जैसे सीधे सादे भोले नेता को रात-दिन गुमराह ही किए जा रहे हैं !

ओर राहुल गांधी भी उनकी ही भाषा बोलते हुए अपनी राष्ट्रीय पहचान से दूर होते जा रहे हैं। ये नेता ओर कोई नहीं है ये समुह 23 के रूठें हुए नेता हैं जो कांग्रेस पार्टी में फिर से घुसने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

कांग्रेस त्याग चुके एकमात्र गुलाम नबी आजाद ही ऐसे नेता हैं जो जम्मू काश्मीर में किसी बड़े नेतृत्व के इंतजार में नरेन्द्र मोदी के केवल संकेत मात्र का इंतजार कर रहे हैं। गुलाम नबी आजाद भाजपा के लिए वह पत्ता है जिसका उपयोग समय आने पर भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण साबित होने वाला है।

संजयसिंह शराब घोटाले के एक मोहरा मात्र चारों तरफ एक ही चर्चा चल रही है कि संजयसिंह ओर मनीष सिसोदिया तो केवल एक मोहरा मात्र है।इस अरबों रुपए के शराब घोटाले कांड में असली किरदार तो कोई ऐर ही बताया जा रहा है। ईडी की जांच पड़ताल में सबसे बड़ा सच सामने आते ही उनका ही दायां हाथ अब सरकारी गवाह बनकर सारे राज खोलने को तैयार हो गया है। इसे कहते हैं ईडी की मजबूत पकड़।अब असली चेहरा भी जल्दी ही सबके सामने आने वाला है। थोड़ा इंतजार तो करना ही पड़ेगा। क्योंकि यह राजनीति मंच है ओर सत्ता में बैठे हुए नेताओं को ओर उनसे जुड़े घोटाले कांड को बड़ी गंभीरता से समय कि नब्ज के अनुसार ही पकड़ना पड़ता है। आम आदमी पार्टी में ईमानदारी का चोला पहनने वालों की कमी नहीं है परन्तु जब जांच का दायरा बढ़ता ही चला जाता है तो झूठी ईमानदारी का स्वांग भी फूर्र हो जाता है। ऐसा ही कुछ आजकल आप पार्टी में हो रहा है। पहले छोटी मछलियां ईडी के रडार पर है और इनके आधार पर ही बड़ी बड़ी मछलियों के लिए तैयारी आरंभ हो जाती है।

लेखक ने कुछ आर्टिकल में स्पष्ट किया था कि नेताओं को अपने बड़बोलेपन पर लगाम जरूर रखना चाहिए। पहले इसी के कारण शिवसेना के संजय राऊत जेल गये ओर अब आप पार्टी के संजयसिंह सलाखों के पीछे है। शराब घोटाले की जड़ तक जाने में सत्येन्द्र जैन भी गवाह बन सकते हैं। आठ माह से मनीष सिसोदिया बाहर आने के लिए छटपटाते नजर आ रहे हैं। परन्तु जमानत ना मिलने से परेशान हैं।

केजरीवाल के मंत्री ओर सांसद की सदस्यता हो खत्म

पूरे देश में यही एक ऐसा दल है जो घोटाले में जेल जाने पर भी मंत्री ओर सांसद बने रहते हैं। हमारे लोकतंत्र में स्पष्ट है कि एक सरकारी कर्मचारी ओर किसी भी अधिकारी पर आरोप सिद्ध होने या जेल होने पर उसे बर्खास्त कर दिया जाता है फिर इन जन प्रतिनिधियों के साथ कृतज्ञता क्यों ? क्यों नहीं इनकी सदस्यता खत्म कर मंत्री पदों से हटाया नहीं जाता है ? आखिर क्यों ?

सत्येन्द्र जैन जेल मंत्री ओर जेल में आराम फरमा रहे हैं। मनीष सिसोदिया डिप्टी सीएम ओर जैल का सुख भोग रहे हैं।अब संजयसिंह सांसद जेल में हैं ओर तीनों अंदर से ही केजरीवाल को सरकार चलाने में सहयोग कर रहे हैं।

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने ओर घोषणाओं पर नकेल

देर सबेर ही सही। लेखक ने बहुत पहले ही एक ज्वलंत आर्टिकल में स्पष्ट लिखा था कि देश को बर्बाद करने वाली ऐसी रेवड़ियां बांटने वाली चुनावी घोषणाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। लेखक ने केन्द्र के सभी प्रमुख सचिवों, चुनाव आयोग मंत्रालयों,पीएम, राष्ट्रपति, सीजेई, ओर भी सभी महत्वपूर्ण विभागों को भी आर्टिकल की कापी सेंट की थी। आज देर सबेर चुनाव आयोग ओर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गंभीरता दिखाई है। अब दलों को चुनावी घोषणाओं में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने ओर राज्य ओर देश को कंगाल करने जैसी घटनाओं से बचना होगा। देश में सत्ता के लिए केजरीवाल ने सबसे पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम किया है ओर वे इस आधार पर दिल्ली ओर पंजाब में सरकार बनाने में कामयाब भी हो चुके हैं । इन्हीं का अनुकरण कर्नाटक में कांग्रेस ने किया। इन राज्यों में सरकार तो बन गई परन्तु आम जनता महंगाई ओर कर्ज के बोझ से दबीं जा रही है। इसे भी एक गंभीर राजनैतिक अपराध ही माना जाना चाहिए। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बन गई ओर उन्हीं के एक डिप्टी सीएम ने साफ बोल दिया कि अब मुफ्त की रेवड़ियां नहीं बांट सकते हैं सरकार पर हजारों करोड़ का कर्ज बढ़ रहा है।इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ओर चुनाव आयोग ने नकेल कसना आरंभ कर दिया है। उन्होंने राज्य सरकारों को नोटिस भेजा है कि वे करदाताओं के पैसों का दुरूपयोग इस तरह नहीं कर सकती है।अब देखना यह है कि लोकसभा चुनाव ओर पांच राज्यों मिजोरम, तेलंगाना छत्तीसगढ़, राजस्थान, मप्र में विधानसभा चुनाव होना है। जल्द ही तारीख का ऐलान होना है। ऐसे में सुको ओर चुनाव आयोग का कठोर रवैया जनता ओर राष्ट्र हित में दिखाई दे रहा है।

मऊ पुलिस ने पांच जुआरियों को जुआ खेलते दबोचा

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा कृपानन्दन शर्मा की टीम ने शिवप्रकाश पुत्र शारदा प्रसाद निवासी मटियारा मजार कोपा, अजय कुमार पुत्र उमाशंकर निवासी धवारा मजरा गढ़वार, गया प्रसाद पुत्र शारदा प्रसाद निवासी मटियारा मजरा घटवारा, पूरन पुत्र बड़का केवट निवासी भिटरिया मजरा मण्डौर, रमेश पुत्र कैलाश निवासी हटपुअन मजरा डढ़वार को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से ताश के 52 पत्ते व 2100 रुपये व जामा तलाशी से 2500 रुपये बरामद हुये। जुआरियों के खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा कृपानन्दन शर्मा, दरोगा गंगाचरन, दीवान राकेश परिहार, दीवान जुबेर अली, सिपाही रणवीर सिंह, दीप प्रताप, इंदल कुमार व रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

विधायक ने कैमरे लगाने को दिये 15 लाख रुपये

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका क्षेत्र कर्वी एवं विधानसभा चित्रकूट के सभी चैराहों, सार्वजनिक स्थानों, मुख्य संपर्क मार्गो में अत्याधुनिक कैमरे लगाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने सदर विधायक अनिल प्रधान से अनुरोध किया था।

शनिवार को एसपी वृन्दा शुक्ला के पुनः अनुरोध पर सदर विधायक अनिल प्रधान ने 15 लाख रुपये की धनराशि विधान मंडल निधि 2023-24 से पुलिस को देने को मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजा है। पूर्व में भी दस लाख रुपये की धनराशि कैमरा लगाने को नौ सितंबर 2023 को दिये थे।

डकैतों की धमाचैकडी से किसान परेशान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरैया विनय नगर आदिवासी बस्ती में ट्यूबवेल में रखवाली करने गये ग्रामीण को पांच सशस्त्र बदमाशों ने डंडों से पीटा है। पुलिस में सूचना देने पर जान से मारने की धमकी देकर बदमाश भाग गये।

ये घटना शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि क्षेत्र में अज्ञात डकैत गिरोह से दहशत का माहौल बन रहा है। आस-पास के किसान खेतों की रखवाली करने में कतराने लगे हैं। मजबूरी ये है कि पुलिस को सूचना देने वाले को जान से मार दिया जाएगा, जिसके चलते बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे के चलते कोई सूचना देने को तैयार नहीं है। क्षेत्र में ये पहली घटना नहीं है। सरैया, हनुवा, रमपुरिया के घने जंगलों में बदमाशों का ठिकाना कई माह से बना है। पुलिस को समय रहते कडी चैकसी बरतने की जरूरत है।

अज्ञात युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय की गल्ला मंडी में 30 वर्षीय अज्ञात युवक का किसी वाहन से कुचला शव मिलने से हड़कंप मच गया।

ये घटना शुक्रवार की रात हुई। बताया गया कि कोई अज्ञात युवक मंडी समिति में सो रहा था। उसे किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। मौके पर पंहुची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किये। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ठगों ने पार किये जेवर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली शहर की वीआईपी कालोनी एसडीएम कालोनी में दो ठगों ने दस लाख रुपए के जेवर पार कर दिये।

ये घटना शुक्रवार को दिन-दहाडे हुई। बताया गया कि दो बाइक सवार एसडीएम कालोनी शिवपुरी पब्लिक स्कूल के पास जेवर साफ करने के बहाने महिलाओं से जेवर मांगे। तीन महिलाओं ने अपने सोने-चांदी के गहने ठगों को साफ करने को दिये। ठगों ने कहा कि पानी गर्म करके ले आओ, एक महिला पानी गर्म करने चली गई। दो महिलायें ठगों के पास बैठी रही। ठगों ने पूरे जेवरात एक टिफिन में रखकर वहां से बाइक में बैठकर चम्पत हो गई। महिलायें चिल्लाती रही।

दोनों ठग भागने में सफल रहे। जो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गये।

फरियादियों की मानिकपुर में सुनी समस्यायें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी कुंवर बदाहुर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ। फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

पिता का हत्यारा पुत्र गिरफ्तार आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम ने पिता की हत्या कर फरार हुए पुत्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की है। ज्ञात है कि छह अक्टूबर को कमलेश द्विवेदी पुत्र स्व राधेश्याम द्विवेदी बगरेही ने थाना रैपुरा में रिपोर्ट लिखाई कि अपरान्ह तीन बजे उसके भाई त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी व दूसरे भाई पारसनाथ द्विवेदी ने बगरेही में पीपल वृक्ष के नीचे चबूतरे पर बैठे पिता राधेश्याम द्विवेदी (75) पुत्र स्व नंदकिशोर द्विवेदी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। हत्यारे फरार हो गये हैं। इस बाबत रैपुरा थाने में हत्या का मामला त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी व पारसनाथ द्विवेदी के खिलाफ दर्ज हुआ। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष रैपुरा की टीम ने आज देवकली गांव नहर मोड से त्रिवेणी प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद की। दबोचे आरोपी ने पूंछताछ में बताया कि पिता ने जमीन बेंची थी। वह हिस्सा मांग रहा था। पिता उसका हिस्सा देने से मना कर रहे थे। गुस्से में कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही मंगल सिंह व अशोक कुमार शामिल रहे।

साहेब- हमार जमीन नाप देओ आदिवासियों की जमीन पर टिकरिया में हो रहे कब्जे सरकारी नाले पर भी कर लिया कब्जा

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव में आदिवासियों की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर आदिवासियों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को सौंपे पत्र में बतौर भू-माफिया निरुपित करते हुए कहा कि विवेक अग्रवाल के मुनीम सुभाष शर्मा उनकी भूमिधरी व सरकारी नाले पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। एसडीएम रामजन्म यादव ने कहा कि निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। मामले की जल्द जांचकर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता को भी फटकार लगाई। शनिवार को टिकरिया गांव के करन कोल ने एसडीएम को सौंपे पत्र में कहा कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता के सहयोग से विवेक अग्रवाल के मुनीम सुभाष शर्मा उनकी जमीन खसरा 442 पर दीवार खडी कर अवैध कब्जा कर लिया है। वह पचास वर्षों से इस भूमि पर काबिज है। इसी क्रम में टिकरिया के राधा पत्नी कन्तकुमार ने भी पत्र में कहा कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता के सहयोग से सुभाष शर्मा उनकी जमीन खसरा 442 पर दीवार खडी कर कब्जा कर लिया है। वह तीस साल से इस जमीन के कास्तकार हैं। उनकी जमीन नापी जाये, लेखपाल जमीन नापने में आना-कानी कर रहा है। उसकी भू-माफियाओं से मिलीभगत है। टिकरिया गांव के दयाराम पुत्र रामऔतार कोल ने कहा कि 40 साल पहले पूर्व सांसद प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने उसके बाबा पराग के नाम 0.5250 हेक्टेयर भूमि पट्टे पर दिलाई थी। फर्जी वरासत करके पराग चमार निवासी बाल्मीकिनगर मानिकपुर ने कब्जा कर लिया है। फर्जी वरासत खारिज की जाये। टिकरिया गांव के लक्ष्मिनिया पत्नी सीताराम कोल ने कहा कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता के सहयोग से कर्वी के विवेक अग्रवाल के मुनीम सुभाष शर्मा ने उसकी जमीन पर दीवार बना ली है। सरकारी नाले पर भी कब्जा कर लिया है। उसने शर्मा से काम रोकने को कहा तो काम रोकने से मना कर दिया। कहा कि जमीन उसे बेंच दो। पीडिता ने कहा कि जमीन बेंचने का दबाव बनाया जा रहा है। पीडिता ने कहा कि दीवार न हटने तक उसका संघर्ष जारी रहेगा। चाहे उसे जान क्यों न देनी पडे। एसडीएम ने पीडितों से कहा कि काम रुकवा दिया गया है। जमीन की पैमाइश जल्द कराई जायेगी। नाले व पीडितों की भूमि से अवैध कब्जे हटाये जायेंगे। लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि सुधर जाओ, अन्यथा कडी कार्यवाही की जायेगी। ज्ञात है कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता के ही सहयोग से मानिकपुर क्षेत्र में जमीनों की खरीद-फरोख्त हो रही है। लेखपाल को इसमे भारी कमीशन मिलता है।

दौलत के आगे अधिकारियों के बदलते हैं ईमानदारी के पैमाने फटाफट होते हैं दौलतमन्दों के काम गरीबों के सालों रिरियाने पर नहीं होते कोई काम

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील में दौलतमन्दों के आगे बदल जाते हैं अधिकारियों के ईमानदारी के पैमाने। दौलतमन्दों के सभी कार्य फटाफट हो जाते हैं। गरीबों के रिरियाने पर भी नहीं होते हैं कोई काम। मानिकपुर तहसील में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अधिकारियों के आगे गुलामी से बात करने के अंदाज के चलते गरीबों के कोई कार्य नहीं हो रहे। दौलतमन्दों के कार्य फटाफट हो जाते हैं। इसे लेकर लोगों ने उदाहरण दिया कि मानिकपुर तहसील में टिकरिया गांव 1430 फसली 28 जनवरी 23 के अनुसार सरकार बनाम जयराम की खतौनी 1430 फसली लगायत 1435 खाता संख्या 431 में दर्ज खातेदार जयराम पुत्र नैना व मीना पत्नी जयराम के गाटा संख्या 437 मि के रकबा 8750 को संक्रमणीय भूमिधर घोषित कर दिया। यही भूमि आठ फरवरी 2023 को जयराम आदि ने सूरजदीन पुत्र रामसजीवन निवासी इटवाडुडैला को बेंच दिया। इसका दाखिल खारिज 24 मार्च 2023 को कर दिया। इसी भूमि को सूरजदीन ने 18 मई 2023 को श्रीमती रुपा अग्रवाल पत्नी विवेक अग्रवाल निवासी पुरानी बाजार कर्वी को बेंच दिया। इसका दाखिल खारिज भी सात जुलाई को हो गया है। इन सब कार्यों में लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता की अहम भूमिका रही है। सूरजदीन लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता का बेहद खास है। उसके जरिये ही आदिवासियों/अनुसूचित जाति की जमीनों की खरीद-फरोख्त हो रही है। इस मामले की जांचकर लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करना चाहिए। सवाल है कि गरीब आदमी सालों तक तहसील के चक्कर काटता है और अधिकारियों के सामने रिरियाता रहता है, फिर भी उसके कोई काम नहीं होते। दौलतमन्दों के काम चुटकियों में हो जाते हैं। इसे कहते हैं दौलतमन्दों के आगे अधिकारियों के ईमानदारी के पैमाने बदल जाते हैं।

अनुसूचित मोर्चा-महिला सम्मेलन की भाजपा ने की तैयारी बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला पंचायत सभागार में अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन व नारी शक्ति अभिनंदन की तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी की अध्यक्षता मे हुई। शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश उपाध्यक्ष /जिला प्रभारी देवेश कोरी व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला की मौजूदगी में देवेश कोरी ने कहा कि अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन पूरे कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र का सामूहिक रुप व महिला मोर्चा नारी शक्ति अभिनंदन विधानसभा स्तर पर होगा। सम्मेलन की सफलता में सबको तैयारी करनी है। हर मंडल से 500 की संख्या मे अनुसूचित जाति के लोगो को सम्मेलन मे लाना है। सबको मिलकर अनुसूचित

जाति की बस्तियों में सम्पर्क करने का काम करना है। महिला मोर्चा की महिलाओ को टीम बनाकर महिलाओ के बीच जाना है। महिला आरक्षण बिल के बारे मे बताना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मान-सम्मान बढाने का काम किया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो कहा था कि गरीबो को समर्पित सरकार है। इसी तर्ज पर मोदी काम कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग पूर्ववर्ती सरकारों मे अपने को ठगा महसूस करते थे, भाजपा सरकार में मान- सम्मान बढा है। सम्मेलन मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में अनुसूचित जाति के लोगो को लाने का आवाहन किया। संचालन महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया। इस मौके पर तीरथ तिवारी, अर्जुन शुक्ला, चेयरमैन राजापुर संजीव मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, गुलाब पटेल, राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, आलोक पांडे, राघवेन्द्र सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, आभेष मिश्रा, महेन्द्र कोटार्य, हेमन्त सिह, विपुल प्रताप सिंह, अंजू वर्मा, सजय पाडे, प्रेमलाल बाल्मीक, मनोज तिवारी, दिनेश पटेल, जगदीश गौतम, रामेन्द्र गौतम, शिवाकान्त पांडे, रवि गुप्त, सुरेश अनुरागी, विकास मिश्र, दिव्या त्रिपाठी,राखी चैबे, बिनीता द्विवेदी, बाबूलाल पटेल, राकेश कोल, लवलेश निषाद, विकाश मिश्रा, ओमप्रकाश, विनोद पांडे, आशीष पाडे, सुशील द्विवेदी, श्रवण पटेल आदि मौजूद रहे।

जमीन संबंधी मामलों को तत्काल करें निस्तारण: डीएम 0159 में दो मामले निपटे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस मऊ तहसील सभागार में हुआ। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर को देखा।

शनिवार को डीएम-एसपी ने परीक्षण कर निस्तारण आख्या देखी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, उस समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को भी बताया जाये, ताकि समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सकें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करें। शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। जिन-जिन

विभागों की संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें आई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण करायें। उन्होंने उपजिलाधिकारी व थाना प्रभारी से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम लेकर मौके पर जाकर निस्तारण करायें। शासन के कडे निर्देश हैं कि जमीन संबंधी मामलों का तत्काल निस्तारण करायें। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देश दिये कि महिला संबंधित विवाद का जल्द निस्तारण करायें। आज तहसील दिवस में 159 मामले आये। जिनमें सिर्फ दो का निस्तारण मौके पर हुआ है। इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश पाठक, सीएमाओ डॉ भूपेश द्विवेदी, तहसीलदार मऊ राजेश यादव, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, डीडीओ आरके त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसी राम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, उपकृषि निदेशक राजकुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र आदि मौजूद रहे।

विवाहिता को जिंदा जलाने के प्रयास में पति को हुई सात साल की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। बच्चे पैदा न होने व दहेज को लेकर विवाहिता को जिंदा जलाकर मारने के प्रयास मामले में दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने पति को सात वर्ष की सजा व 25 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। शनिवार को सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि मप्र के सतना जिले के कोलगवां थाने के बारीकला गांव की ज्योति ने दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार शादी कर्वी के बेड़ीपुलिया चकला राजरानी के दीपू के साथ 11 मई 2014 को हुई थी। शादी के बाद से ही पति दीपू ससुरालीजनों के साथ मिलकर बच्चे पैदा न होने व दहेज के लिए उत्पीड़न करता था। सात मार्च 2016 को सबेरे साढे छह बजे पति दीपू ने ससुरालीजनों के साथ मिलकर जान से मारने की गरज से मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। कमरे में बंद कर दिया। पुकार सुनकर पड़ोसियों ने बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। 12 दिन इलाज कराने के बाद वह लौट आई। पति ने उसे साथ रखने से मना कर दिया। धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने शनिवार को निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर पीड़िता के आरोपी पति दीपू को सात साल की सजा व 25 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

हादसे में युवक की मौत, दूसरा घायल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सरधुवा थाना क्षेत्र के अरछा-बरेठी गांव में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। बाइक सवार की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा शनिवार को सवेरे दस बजे हुआ। बताया गया कि सरधुवा थाना क्षेत्र के अगरहुंडा के पप्पू (21) पुत्र नत्थू अपने मित्र रामबालक पुत्र कालीचरण के साथ बाइक से अरछा बरेठी जा रहा था। दोनों काम निपटाकर अपने गांव अगरहुंडा जा रहे थे। अरछा-बरेठी पुल के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में ठोकर मारकर भाग गया। ठोकर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे पप्पू की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही सरधुवा व पहाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लायी। डॉक्टरों ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामबालक को इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी दीपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हुई है, दूसरा घायल है। अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुटी है।

पुलिस के अच्छे प्रदर्शन पर प्रदेश में दूसरी बार मिला पहला स्थान जनसुनवाई पोर्टल में हुआ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जनसुनवाई पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को रिपोर्ट समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन होती है। माह अगस्त में जनसुनवाई पोर्टल में मिली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण बाबत समीक्षा में जिले की पुलिस को प्रदेश के 75 जिलों में पहला स्थान मिला है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी/नोडल अधिकारी आईजीआरएस चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व निरीक्षक/ प्रभारी आईजीआरएस प्रदीप कुमार यादव ने उच्चाधिकारियों से प्राप्त निदेर्शों का पालन करते हुए सितम्बर में मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी/जनसेवा संपूर्ण समाधान दिवस/थाना दिवस में जिला पुलिस ने सभी संदर्भों का समय से निस्तारण किया।

आईजीआरएस शाखा में नियुक्त सिपाही मानवेन्द्र सिंह, महिला सिपाही अनीशा बानो, महिला सिपाही मीरा यादव ने जिले के सभी थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों की कड़ी मेहनत से आनलाइन फीडिंग की गयी। प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इससे जिले को जनसुनवाई मामलों में पहला स्थान मिला है। सभी संदर्भों की आनलाइन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जिले के 12 थानों को पहला स्थान मिला है।

त्रिपुरा का पत्रकार बंगाल से गिरफ्तार, मुख्यमंत्री, राजनेताओं को बदनाम करने का आरोप

अगरतला। त्रिपुरा पुलिस ने शुक्रवार को पत्रकार सैकत तालापात्रा को अपने ऑनलाइन चैनलों के माध्यम से मुख्यमंत्री माणिक साहा, उनके परिवार के सदस्यों और कई अन्य राजनेताओं को बदनाम करने के आरोप में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर से गिरफ्तार किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि त्रिपुरा पुलिस अपराध शाखा की एक टीम ने सैकत तालापात्रा को सोदपुर के मुरागाछा में एक किराए के घर से गिरफ्तार किया और उसे फ्लाइट से अगरतला ले आई। सैकत तालापात्रा के खिलाफ त्रिपुरा के कई पुलिस स्टेशनों में कई मामले दर्ज हैं।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान, सैकत तालापात्रा ने अपने यूट्यूब और फेसबुक चैनलों के जरिए पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) सुप्रीमो प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मन, कांग्रेस नेता सुदीप रॉय बर्मन और कई अन्य राजनेताओं को भी बदनाम किया था।

एक मामले में त्रिपुरा की अदालत से जमानत मिलने के बाद, वह कोलकाता गए और जांच अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं किया, जिससे अदालत को पिछले साल तालापात्रा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करना पड़ा।

2021 के बाद से, त्रिपुरा पुलिस की टीमें उसे गिरफ्तार करने के लिए कई बार कोलकाता गई थी, लेकिन तालापात्रा फरार था। वह नियमित आधार पर राज्य के राजनेताओं की निंदा करता रहा।

सैकत तालापात्रा त्रिपुरा सरकार के पूर्णकालिक शिक्षक थे। लेकिन, कर्तव्य में लापरवाही के कारण उन्होंने अपनी नौकरी खो दी। उन्होंने 2020 से पहले एक स्थानीय टेलीविजन चैनल के प्रमुख एंकर के रूप में भी काम किया।

गृह स्थल भूमि बंदोबस्ती योजना बसेरा 2 के तहत भूमिहीनो को उपलब्ध कराई जायेगी भूमि : नाजिर

गडहनी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चलाई जा रही जन कल्याणकारी गृह स्थल भूमि बंदोबस्ती योजना बसेरा - 2 के तहत भूमिहीन ब्यक्तियों को सरकार द्वारा 3 डिसमिल जमीन मुहैया कराई जा रही है। अंचलाधिकारी विपुल कुमार व अंचल नाजिर सचिन कुमार सिंह ने कहा कि जिन व्यक्तियों के पास अपना जमीन नहीं हैं वे अंचल कार्यालय से तत्काल संपर्क कर योजना का लाभ उठायें। बिहार सरकार के अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सादा ने सख्त आदेश दिया हैं कि भूमिहीन व्यक्तियों के साथ किसी भी तरह के मनमानी पदाधिकारियों द्धारा किया जाता हैं तो सख्त कार्रवाई किया जाएगा।वहीं जानकारी देते हुए जिला जद (यू०) सोशल मीडिया प्रभारी इमरान अहमद सोनू ने कहा की मुख्यमंत्री सभी वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है।

कनाडा में विमान हादसा, पायलट समेत तीन की मौत

ब्रिटिश कोलंबिया। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा चिलिवैक शहर में हुआ। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दो इंजन वाला यह विमान

(पाइपर पीए-34) सेनेका स्थानीय हवाई अड्डे के पास एक मोटल के पीछे पेड़ों और झाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चिलिवैक शहर वैंकूवर से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) पूर्व में है। कनाडा के अधिकारियों ने कहा कि घटना की जांच चल रही है। हादसे में पायलट सहित विमान पर सवार सभी तीन लोग मारे गए। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि वह परिजनों को सूचित कर रही है।

पाकिस्तान के सबसे बड़े एटमी प्लांट के पास जबरदस्त धमाका, ड्रोन हमले की आशंका

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के डेरा गाजी खान में सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के पास धमाका हुआ है। यह परमाणु प्लांट पिछले कुछ महीनों से पाकिस्तान में हमले कर रहा पिछले कई सालों से तहरीक-ए-तालिबान के निशाने पर है। हालांकि, इस हमले की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन तालिबान ने पहले इस परमाणु इकाई पर हमले की कई धमकियां दी हैं। इस धमाके के पीछे ड्रोन हमले की आशंका जताई जा रही है। डीजी खान में पाकिस्तानी सेना की न्यूक्लियर फैसिलिटी में हुए धमाके के बाद स्थानीय लोगों के अनुसार बड़ी संख्या में सुरक्षा बल और एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहन न्यूक्लियर फैसिलिटी की ओर बढ़ रहे हैं। विस्फोट स्थल से 50 किमी दूर तक लोगों ने धमाके की आवाज सुनी। पाकिस्तानी सेना के परमाणु संयंत्र के पास हुए भीषण विस्फोट से डीजी खान को भारी नुकसान होने की खबर है। स्थानीय लोगों को संभावित विकिरण से बचाने के लिए जल्द से जल्द क्षेत्र छोड़ने के लिए कहा गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सब तब हुआ है, जब तालिबान ने इस परमाणु इकाई पर हमले की कई धमकियां दी हैं। धमाका होने की जगह के करीब ही यूरेनियम का प्लांट भी लगा हुआ है। फिलहाल इस विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिसमें दिख रहा है कि डेरा गाजी खान की ओर सुरक्षा बलों की गाड़ियां सरपट भागी जा रही हैं, इनके साथ कई दमकल भी दिखाई दिए हैं। वायरल वीडियोज में लोग भी भागते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन अभी तक पाकिस्तानी सरकार की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है और ना ही संबंधित विभाग ने कोई प्रतिक्रिया दी है।

पाकिस्तान का दोगलापन, सीएए पर भारत का विरोध करने वाला खुद दिखा रहा अवैध प्रवासियों को बाहर का रास्ता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने करीब 17 लाख अफगान शरणार्थियों समेत सभी अवैध प्रवासियों को 31 अक्तूबर तक देश से बाहर निकालने की अपनी योजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि यह फैसला अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों को देखते हुए लिया गया है। बता दें, यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब कानून प्रवर्तन एजेंसियां उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, जिन्हें वे अवैध एलियंस कहते हैं। गौरतलब हैं, पिछले एक हफ्ते में बड़ी संख्या में परिवार सीमा पार करके अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं।

कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने कहा कि कोई भी देश अपने यहां अवैध रूप से आए लोगों को नहीं रहने देना चाहता है। चाहें वो यूरोप हो या दुनिया में कोई और देश। इसलिए अंतरराष्ट्रीय अभ्यास को देखते हुए यह फैसला लिया है।

गौरतलब है, अवैध प्रवासियों को 31 अक्तूबर तक देश छोड़ने या एक नवंबर से जबरन निष्कासन का सामना करने के लिए कहने के पाकिस्तान के फैसले की आलोचना हो रही है। यूएनएचसीआर तथा एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने सरकार से अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने की मांग की है। काबुल में तालिबान सरकार ने भी इस कदम पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है।

अफगानिस्तान में भूकंप के चार झटके, तुर्कमेनिस्तान, ईरान और उजबेकिस्तान तक असर

काबुल। अफगानिस्तान में शनिवार दोपहर आधे घंटे के भीतर भूकंप के चार झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर 6.3 तीव्रता तक पहुंचे भूकंप के इन झटकों का असर तुर्कमेनिस्तान, ईरान और उजबेकिस्तान तक हुआ। अफगानिस्तान में शनिवार दोपहर लगातार चार बार भूकंप के झटके लगने से अफरातफरी मच गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि शनिवार को आधे घंटे के भीतर अफगानिस्तान के पश्चिमी हिस्से में चार शक्तिशाली भूकंप आए। बताया गया है कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित था। अब तक इससे जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। सबसे पहले अपराह्न 12 बजकर 11 मिनट पर 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। उसके बाद दोपहर 12 बजकर 19 मिनट पर 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद 12 बजकर 40 मिनट पर कुछ कम तीव्रता यानी रिक्टर पैमाने पर 4.7 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गए। कुछ ही देर बाद 12 बजकर 42 मिनट पर 6.2 तीव्रता



का भूकंप आ गया। भूकंपीय गतिविधि का प्रमुख केंद्र हेरात शहर से 40 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में पहचाना गया है। दुनियाभर की भूकंप संबंधी गतिविधियों पर नजर रखने वाली अमेरिकी संस्था यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने अफगानिस्तान में भूकंप की तीव्रता 6.3 तक पहुंचने की जानकारी दी है। यूएसजीएस के मुताबिक इस भूकंप का असर तुर्कमेनिस्तान, ईरान और उजबेकिस्तान तक महसूस किया गया है। इससे पहले दो व तीन अक्टूबर को भी अफगानिस्तान व तजाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। तब इनकी तीव्रता अफगानिस्तान में 4.4 और तजाकिस्तान में 5.3 तक नापी गई थी।

अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य ने स्कूली पाठ्यक्रम में सिख धर्म को शामिल किया

वाशिंगटन। अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के लगभग 5,14,000 छात्र-छात्राओं को अब सिख धर्म को जानने और समझने का मौका मिलेगा। कनेक्टिकट स्टेट बोर्ड ऑफ एजुकेशन ने सामाजिक विज्ञान के अपने नये पाठ्यक्रम में सिख धर्म को शामिल करने का फैसला किया है। इस फैसले पर यहां रह रहे सिख समुदाय ने खुशी जताई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां का सिख समुदाय लंबे समय से अपने धर्म को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग कर रहा था। नॉर्विच सिटी के स्वर्णजीत सिंह के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि नया पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को शिक्षा के तीनों स्तर पर सिख समुदाय के बारे में जानने का अवसर प्रदान करेगा। छात्र-छात्राओं को कम उम्र से ही सिख धर्म के इतिहास और समुदाय के योगदान के बारे में पढ़ाया जाएगा। इससे बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने में

मदद मिलेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सिख कोएलिशन नामक संगठन शिक्षा विभाग के साथ मिलकर काम करेगा। कनेक्टिकट अमेरिका का 18वां राज्य बन गया है, जिसने सिख धर्म को सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए इस संगठन के साथ हाथ मिलाया है। इससे पहले जून में वाशिंगटन ने सिख धर्म को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया था।

गाजा पट्टी में युद्ध की घोषणा, हमास और इजराइल की ओर से दागे गए दर्जनों रॉकेट

यरुशलम। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच घमासान अब युद्ध में तब्दील हो गया है। गाजा पट्टी में युद्ध की घोषणा कर दी गयी है। हमास और इजराइल की ओर से दर्जनों रॉकेट दागे गए हैं। इजराइल में आग की चेतावनी वाले सायरन गूंज रहे हैं, वहीं गाजा पट्टी में भी धमाके सुनाई दे रहे हैं। हमास के वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद जैफ ने एक बयान जारी कर 'अल-अक्सा तूफान' ऑपरेशन की शुरुआत की घोषणा की। जैफ ने दावा किया कि हमास ने 500 से अधिक मिसाइलों के साथ दुश्मन के ठिकानों, हवाई अड्डों और सैन्य किलेबंदी को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया कि आज का दिन दुश्मन को यह बताने का दिन है कि उसका समय समाप्त हो गया है। आज से सारी सुरक्षा व्यवस्था ख़त्म हो जाएगी। आज बंदूक रखने वाले हर व्यक्ति को बाहर निकलने की जरूरत है। इतिहास अपने सबसे चमकीले और महानतम पन्ने खोलता है। बयान में लेबनान, सीरिया, इराक और ईरान के लोगों से भी सभी मोर्चों व झंडों को एकजुट करने की अपील की गयी है।

बीस मिनट में दागे 5000 से ज्यादा रॉकेट

हमास ने कहा है कि इज़रायली जेलों में फ़िलिस्तीनी कैदियों के प्रति उठाए गए इजराइली सरकार के कदम के खिलाफ ये हमले शुरू किये गए हैं। गाजा से दागे गए रॉकेट इजराइल के अश्कलोन में गिरे हैं। इजराइल के केफ़र अवीव क्षेत्र में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गाजा और उसके आस-

पास के साथ-साथ मध्य और दक्षिणी इज़राइल- के तेल अवीव और पूर्वी यरुशलम तक अलर्ट सायरन बज रहे हैं। हमास की सशस्त्र शाखा ने कहा है कि ऑपरेशन के पहले 20 मिनट में गाजा पट्टी से इज़राइल में 5,000 से ज्यादा रॉकेट दागे गए हैं। हमास ने कहा है, कि ÷हमने कब्जे (इजरायल) के सभी अपराधों को ख़त्म करने का फैसला किया है, जवाबदेह ठहराए बिना उत्पात मचाने का उनका समय ख़त्म हो गया है।'

गाजा पट्टी के आसपास आपातस्थिति की घोषणा

इन हमलों के जवाब में इजराइल ने भी गाजा पट्टी में युद्ध की घोषणा कर दी है। इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने गाजा पट्टी से 80 किमी के दायरे में आपातकालीन स्थिति की घोषणा की है। उनके कार्यालय के अनुसार 'विशेष स्थिति' सेना को सभाओं को प्रतिबंधित करने और क्षेत्रों को बंद करने की अनुमति देती है। प्रतिबंधित क्षेत्र में तेल अवीव और बेर्शेबा शामिल हैं। इज़रायली सेना ने गाजा के साथ सीमा क्षेत्र के पास के निवासियों से भी घर के अंदर रहने का आग्रह किया है। इज़राइल में वाहनों पर सवार सशस्त्र हमास सैनिकों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इजरायली सैन्य रेडियो रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलिस्तीनी हथियारबंद लोगों ने गाजा से इजरायल में 'घुसपैठ' की है। इज़राइल ने कहा कि उसने अपनी आयरन डोम रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया है। सोशल मीडिया से प्राप्त फुटेज से पता चलता है कि दक्षिणी इजरायली शहर अश्कलोन में कई इमारतों के पास आग लग गई है और घटनास्थल से काले धुएं का गुबार उठ रहा है। गोलियों की आवाजें सुनी जा सकती हैं। स्थानीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 06:30 बजे गाजा में कई स्थानों से रॉकेट दागे गए। इस्राइली सेना ने देश के दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में एक घंटे से अधिक समय तक सायरन बजाकर आम जनता को चेतावनी दी। सुरक्षाबलों की तरफ से अपील की गई है कि जनता बम शेल्टर यानी बंकरों में शरण ले।

नवाज शरीफ ने लंदन में कहा- अब पाकिस्तान लौट जाऊंगा, सहयोग के लिए शुक्रिया

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के प्रमुख नवाज शरीफ ने घरवापसी से पहले सभी टीवी चैनलों के पत्रकारों को अनौपचारिक बातचीत के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान लंदन में अपने चार साल के निर्वासन पर कवरेज के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि अब वह अपने वतन लौट जाएंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के लंदन मुख्यालय स्टैनहोप हाउस में उन्होंने पत्रकारों से कहा, कार्यालय में आज कामकाज के लिहाज से उनका यह आखिरी जुमा है। इस दौरान उनका दर्द भी छलका। नवाज ने कहा कि इमरान खान की पार्टी पीटीआई के कुछ समर्थक चार साल से लंदन में

उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह लोग पाकिस्तान की खराब छवि बनाने के अलावा कुछ भी हासिल करने में बुरी तरह विफल रहे। नवाज शरीफ लगभग दो सप्ताह बाद पाकिस्तान लौटेंगे। वह विषम हालात में नवंबर 2019 में ब्रिटिश राजधानी पहुंचे थे। उन्होंने कहा- मैं सभी मंचों से उन सभी पत्रकारों का आभारी हूं, जिन्होंने मेरी तारीफ और खिलाफत की। जिन लोगों ने मेरे खिलाफ काम किया, उन्होंने मजबूरियों और चैनलों की नीतियों के कारण ऐसा किया। मैं आप सभी का आभारी हूं उन्होंने कहा, आज कार्यालय में मेरा आखिरी दिन है। अब मैं चला जाऊंगा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ आने वाले शुक्रवार से पहले सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे। वहां वह एक सप्ताह बिताएंगे। इस दौरान अपने परिवार के सदस्यों के साथ उमरा करेंगे। इसके बाद वह दुबई पहुंचेंगे और वहां से पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। लंदन में उनकी पार्टी का कार्यालय हाइड पार्क के पास है। इस कार्यालय का प्रबंधन उनके पुत्र हसन नवाज शरीफ अपने व्यवसाय के लिए करते हैं।

'पीएम ट्रूडो का बिना ठोस सबूत के आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण'

ओटावा। आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच, यूएसआईएसपीएफ ने कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा पिछले महीने भारत पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। ट्रूडो द्वारा जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों को जोड़ने के आरोप के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कनाडा में भारतीय राजनयिकों और परिसरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई।

यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ट्रूडो ने बिना किसी ठोस सबूत के भारत पर आरोप लगाए। इससे दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए। उन्होंने कहा, 'दोनों देशों के बीच संबंध बहुत पुराने हैं। दोनों के बीच एक बड़ा व्यापार है। 230,000 से अधिक भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे हैं। कनाडा ने भारत में करीब 55 अरब डॉलर का निवेश किया है। इन सबके के बीच, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में जाते हैं और बिना किसी सबूत दिए आरोप लगा देते हैं।' अघी ने कहा, 'मुझे लगता है कि दिमागदार लोगों को शांति से बात करके स्थिति संभालने की जरूरत है। क्योंकि कनाडा भारत पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका का लाभ उठाने जा रहा है।'

अमेरिका के कोलोराडो के ग्रीन फ्यूनरल होम में 115 शव मिलने से सनसनी, जांच जारी

कैनन सिटी। अमेरिका के कोलोराडो में एक ग्रीन फ्यूनरल होम में 115 शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि शवों के गलत तरीके से रखने की जांच की जा रही है। फ्रेमोंट काउंटी शेरिफ एलन कूपर ने बताया कि जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या यहां कुछ गलत हुआ है या कोई बड़ी लापरवाही की गई है। कोलोराडो गया था। जब फ्रेमोंट काउंटी शेरिफ कार्यालय के अधिकारी

तलाशी वारंट के साथ पहुंचे तो उन्होंने अनुचित तरीके से संग्रहीत अवशेष पाए। अधिकारियों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका मानना है कि फिलहाल जनता के स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है।

एफबीआई प्रवक्ता विक्की मिगोया ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि कोई अपराध किया गया है या नहीं, यह जांच के अधीन है। कूपर ने कहा कि जांचकर्ता अंतिम संस्कार गृह संचालकों के संपर्क में हैं और वे सहयोग कर रहे हैं। पेनरोज शहर में लगभग 3,000 लोग रहते हैं।

बता दें कि कोलोराडो कानून के तहत, ग्रीन फ्यूनरल कानूनी है, लेकिन राज्य कोड के लिए आवश्यक है कि 24 घंटे के भीतर दफन नहीं किए गए किसी भी शव को ठीक से रखा जाना जाना चाहिए। 73 वर्षीय जॉयस पावेटी जिनके घर की छत से अंत्येष्टि स्थल को देखा जा सकता है, उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में सड़ी हुई गंध का अहसास हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने मान लिया था कि कोई जानवर मर गया है।

रिकॉर्ड के अनुसार, रिटर्न टू नेचर की स्थापना छह साल पहले कोलोराडो स्प्रिंग्स में की गई थी। कंपनी की वेबसाइट की माने तो रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम बायोडिग्रेडेबल ताबूत, कफन या बिना कुछ डाले शवों को दफनाने की सुविधा प्रदान करता है।

बझांग में फिर 5.3 का भूकम्प, लोगों में दहशत

काठमांडू। बझांग जिले में गत मंगलवार को आए भूकम्प के तेज झटके के चार दिन बाद शनिवार को एक बार फिर भूकम्प आने से लोगों में डर और दहशत का माहौल है। शनिवार को पूर्वाह्न 11:45 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक आए भूकम्प के तीन बड़े झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 से लेकर 5.3 मापी गई है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकम्प मापन केन्द्र के मुताबिक पिछले मंगलवार को आए 5.3 और 6.3 की तीव्रता के भूकम्प के झटकों के बाद शुक्रवार दोपहर तक भूकम्प के कई झटके लगे लेकिन शनिवार दोपहर बझांग के ही भाटेखोला गांव को केन्द्र बिन्दु बनाकर आज फिर से भूकम्प के झटके महसूस किए गए।

बझांग जिले के प्रमुख जिला अधिकारी नारायण पाण्डे ने बताया कि सुबह 11:45 बजे सबसे बड़ा भूकम्प का झटका आया और उसके बाद एक घंटे के अन्तराल

पर दो और झटके महसूस किए गए। आज आए भूकम्प के झटकों से हुई क्षति का विवरण समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल पाया है। जिलाधिकारी पाण्डे ने कहा कि क्षति का विवरण संकलन करने का काम किया जा रहा है। इसी बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने बझांग के भूकम्प प्रभावित इलाकों का दौरा किया था। प्रधानमंत्री ने भूकम्प पीड़ित लोगों के लिए राहत की घोषणा भी की है। भूकम्प के कारण जिनका घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है, उन्हें संघीय सरकार की तरफ से 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने की है।

भारत-कनाडा विवादः 'सभी देश कानूनों का करें सम्मान'

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो से बातचीत की। साथ ही भारत-कनाडा विवाद को कम करने का आह्वान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बातचीत से कूटनीतिक विवाद में कमी आएगी। ब्रिटिश भारतीय नेता ने ट्रूडो को भारत में कनाडा के राजनयिकों से संबंधित स्थिति से अवगत कराया। सुनक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी देशों को संप्रभुता और कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए, जिसमें राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन के नियम भी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत-कनाडा विवाद में कमी आएगी। सुनक ने इस पर भी सहमति जताई कि वह ट्रूडो के अगले कदम पर उनके साथ रहेंगे। गौरतलब है, हाल ही में कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में हुई खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या में भारत के सरकारी एजेंट शामिल हैं।

लेबल वाले श्रीअन्न आटा और मोलेसेज पर लगेगा पांच फीसदी जीएसटी: वित्त मंत्री

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने लेबल वाले मोटे अनाज के पैक आटे (श्रीअन्न) पर 5 फीसदी जीएसटी और मोलेसेज (गुड़/शीरा/खांड़/राब) पर जीएसटी की मौजूदा दर को 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया है।

निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि मोलेसेज पर जीएसटी की दर 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इससे गन्ना किसानों को फायदा होगा और उनका बकाया तेजी से चुकाया जा सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि बैठक में लेबल वाले मोटे अनाज (श्रीअन्न) के आटे पर पांच फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, ऐसा आटा जिसमें मिलेट्स की मात्रा 70 फीसदी या उससे अधिक हो और उसे खुले में बेचा जाता है तो उस पर शून्य फीसदी जीएसटी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि परिषद ने शीरा पर जीएसटी घटाकर पांच फीसदी करने और मानव उपभोग के लिए बनी शराब को लेवी से छूट देने का भी फैसला किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि 52वीं जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के अध्यक्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु सीमा तय करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके तहत जीएसटीएटी अध्यक्ष की अधिकतम आयु 70 वर्ष और सदस्यों की अधिकतम आयु 67 वर्ष होगी। इससे पहले यह सीमा क्रमशः 67 वर्ष और 65 वर्ष थी। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केंद्र सरकार तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।